आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 06 मार्च 2025 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-335 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

पूर्व पीएम वाजपेयी की मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त

धमतरी,6 मार्च। छत्तीसगढ़ के धमतरी में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया। इस मामले से ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर मौके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और पुलिस को शिकायत दी है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार खंडित मूर्ति स्थानीय रहवासियों ने बुधवार को देखा था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर बीजेपी नेता और स्थानीय ग्रामीणो में आक्रोश है। पूर्व पीएम की मूर्ति से तोड़फोड़ होने की घटना को लेकर भाजपा के प्रदेश महामंत्री और महापौर रामू रोहरा ने शर्मनाक बताया है। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की अपील की है। भखारा थाना प्रभारी उमाकांत तिवारी ने बताया कि पुलिस ने सूचना मिलते ही जांच शुरू कर दी है और शरारतियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

किसान पर बाघ ने किया हमला

बिलासपुर, 6 मार्च। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तख्तपुर में खेत जा रहे किसान पर बाघ ने हमला कर दिया। हमले में किसान को गंभीर चोट आई है। किसान को उपचार के लिए तख्तपुर स्वास्थ् केंद्र में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से वन अफसर और पुलिस इलाके में मुस्तैद है। बाघ के हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन अफसरों से मिली जानकारी के अनुसार तख्तपुर के कठमुण्डा के तुरतुरिया खार स्थित खेतों को अधिया में लेकर राजू सिंह ठाकुर खेती का काम करते है। अलसुबह 6 बजे वो खेतों में पानी लगाने के लिए जा रहे थे, तभी पुलिस की आड़ मे छिपे बाघ ने उन पर हमला कर दिया। बाघ के हमलने से राजू सिंह घायल हो गए। ग्रामीणों ने उनके चिल्लाने की आवाज सुनी तो खेत पहुंचे और उन्हें तुरंत तखतपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। राजू साहू को प्राथमिक उपचार देकर बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात डॉ. शैलेंद्र शुक्ला ने बाघ द्वारा हमला किए जाने की पुष्टि की है।

पैदल जा रहे व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर,मौत

रायपुर,6 मार्च। राजधानी आज फिर एक बार हिट एंड रन का मामला सामने आया है. पुरानी बस्ती थाने के सामने पैदल चल रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी. इस घटना में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि आरोपी कार चालक फरार हो गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान बूढ़ापारा के शीतला मंदिर गली के निवासी मनोज पंसारी (उम्र 43 साल), पिता-केशव पंसारी के रूप में हुई है.

पंचायत चुनाव में राजनीतिक हस्तक्षेप, विपक्ष का बहिर्गमन

कांग्रेस प्रत्याशियों को जबरन हराने का आरोप

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 6 मार्च। विधानसभा में आज शून्य काल के दौरान त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद निर्वाचन प्रक्रिया में जबरदस्त राजनीतिक हस्तक्षेप एवं अधिकारियों द्वारा बतौर पार्टी एजेंट के रूप में काम करने को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। विपक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को जबरदस्ती हराया जा रहा है। भाजपा ने हार के डर के कारण जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव की तिथियों को आगे बढ़ा दिया है। सदन में विपक्ष में जमकर नारे बाजी की और सदन का बहिर्गमन कर चले गए।

विधानसभा में आज शून्यकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस सदस्य एवं भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि त्रिस्तरीय चुनाव के अंतर्गत जिला जनपद अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा द्वारा जबरदस्त दबाव बनाया जा रहा है। जिसके चलते लोकप्रिय एवं सही प्रत्याशियों का निर्वाचन नहीं हो रहा है। अधिकारियों की एकतरफा कार्रवाई के कारण कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों को पराजित होना पड़ रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में शासकीय अधिकारी की भूमिका पर आपत्ति जताई। कांग्रेस की अनिला भेड़िया ने भी आरोप लगाया कि डौंडी में भी जनपद अध्यक्ष के चुनाव में भी अतिरिक्त दबाव बनाया गया। भानुप्रतापपुर की विधायक सावित्री देवी मंडावी ने बताया कि चारामा सहित अन्य ब्लाक में जनपद सदस्यों को जबरदस्ती उठा लिया गया है। निर्वाचन प्रकिया की घोषणा की जाती है लेकिन जैसे ही अधिकारियों के कमरे में जाओगे तो वहां बताया जाता है कि निर्वाचन प्रकिया आगे बढ़ा दी गई है। याद रहे शासन द्वारा 3 मार्च को नामांकन पत्र भरने की तिथि घोषित की गई थी जिसे बढ़ाकर अब 12-13 मार्च कर दिया गया है।

कांग्रेस के उमेश पटेल सहित अन्य सदस्यों ने भी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बढ़ते राजनीतिक हस्तक्षेप में चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता अधिकारियों पर दबाव बना रहे है। कांग्रेस के पास कई जिलों में बहुमत है लेकिन इसके बावजूद भी पराजय का मुंह देखना पड़ रहा है। कांग्रेस के सदस्यों में जमकर नारेबाजी की। और सदन का बहिर्गमन कर दिया गया। भाजपा के अजय चंद्राकर ने कुरूद के पास एक गांव में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ किए जाने पर चिंता जाहिर की और दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की।

लंबे समय तक लिव इन में रहकर महिला अपने साथी पर नहीं लगा सकती रेप का आरोप: सुको

नई दिल्ली,6 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप से संबंधित एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया है. न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई महिला लंबे समय से लिव-इन में है, तो वह अपने साथी पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप नहीं लगा सकती।

कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में यह सिद्ध करना कठिन होता है कि शारीरिक संबंध केवल शादी के वादे के कारण बने थे. उल्लेखनीय है कि दोनों ने एक दशक से अधिक समय तक एक साथ समय बिताया. अदालत ने इसे संबंधों में दरार का मामला माना है और अपीलकर्ता पुरुष को आपराधिक कार्यवाही से मुक्त किया है. शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि इस प्रकार के मामलों में यह स्पष्ट करना संभव नहीं है कि शारीरिक संबंध केवल विवाह के वादे पर आधारित थे. महिला ने आरोप लगाया कि उसने आरोपी बैंक अधिकारी के साथ 16 वर्षों तक विवाह के वादे के तहत संबंध बनाए।

इस याचिका की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच द्वारा की जा रही थी. शिकायतकर्ता महिला एक लेक्चरर हैं. अदालत ने उनकी याचिका को अस्वीकार कर दिया है. रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट का कहना

है कि दोनों शिक्षित हैं और उनके बीच का संबंध सहमति से स्थापित हुआ था, क्योंकि वे अलग-अलग शहरों में रहने के बावजूद एक-दूसरे के घर आते-जाते थे।

अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यह मामला रिश्तों में दरार आने का है. बेंच ने कहा कि यह विश्वास करना कठिन है कि शिकायतकर्ता लगभग 16 वर्षों तक अपीलकर्ता की हर मांग को मानती रही और इस पर बिना किसी विरोध के सहमति देती रही कि अपीलकर्ता ने शादी के झूठे वादे के तहत उनका यौन शोषण किया। 16 वर्षों का यह लंबा समय, जिसमें दोनों के बीच शारीरिक संबंध बिना किसी रुकावट के चलते रहे, यह दर्शाता है कि रिश्तों में कभी भी बलात्कारी या धोखाधड़ी का कोई तत्व नहीं था. कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि यदि यह मान लिया जाए कि शादी का वादा किया गया था, तो लंबे समय तक रिश्ते में रहने से उनके दावों की मजबूती कम होती है।

मां गंगा ने मुझे गोद लिया है: पीएम मोदी

उत्तरकाशी, 6 मार्च। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मां गंगा के मायके यानी मखवा पहुंचे. जहां उन्होंने मां गंगा की पूजा-अर्चना की. इसके बाद पीएम हर्षिल पहुंचे. जहां उन्होंने ट्रैकिंग और बाइक रैली को झंडी दिखाई. इसके बाद प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने माणा एवलॉन्च हादसे पर दुख जताया और सभी मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की. पीएम मोदी ने कहा कि मां गंगा ने मुझे गोद लिया है. उन्हीं का स्नेह है कि मैं आज उनके मायके आया हूं. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश के बाहर क्यों, देश के ही अंदर उत्तराखंड में ही विंटर वेडिंग करें. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मुझे मुखबा में दर्शन और पूजन का मौका मिला है. आज में हर्षिल में अपने दीदी-भूलियों के सेब और राजमा को याद कर रहा है. जो मुझे भेजती रहती हैं और मैं उनके इस आभार का स्नेही हूं. केदारनाथ दौरे के दौरान मेरे मुंह से निकल पड़ा कि आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा. इस दौरान पीएम मोदी ने उत्तराखंड टूरिज्म के विकास पर जोर दिया. पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में पिछले 10 साल में विकास पर काम हुआ है. मेरा

सौभाग्य है कि मुझे मां गंगा के मायके आने का मौका मिला. उत्तराखंड में बारहमासी सीजन चलना चाहिए, 365 दिन टूरिज्म चलता रहना चाहिए. उत्तराखंड को विकसित बनाने के लिए हमारी डबल इंजन सरकार मिलकर काम कर रही है. चारधाम, ऑल वेदर रोड, आधुनिक एक्सप्रेसवे राज्य में रेलवे, विमान और हैलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार 10 वर्षों में उत्तराखंड में तेजी से विकास हुआ है. बता दें कि हाल ही में केंद्र सरकार ने उत्तराखंड सरकार के लिए बहुत बड़े फैसले लिए हैं. केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे को मंजूरी दे दी गई है. जिससे श्रद्धालुओं के लिए यात्रा आसान हो जाएगी. इस साल के बजट में 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशनों को विकसित किए जाने का फैसला लिया गया है. पहले उत्तराखंड के गांवों को आखिरी गांव कहा जाता है, लेकिन हमने उन गांवों को हमने पहला गांव का दर्जा दिया.

एक्सप्रेस-वे घोटाला

कांग्रेस विचार करे, किसकी नाक के नीचे हुआ यह सब: अरुण साव

रायपुर, 6 मार्च। छत्तीसगढ़ में इन दिनों रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस वे घोटाले को लेकर राजनीती गरमाई हुई है. पक्ष और विपक्ष इस घोटाले को लेकर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे है. इस बीच घोटाले को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस को पहले यह विचार करना चाहिए कि यह मामला कब का है और किसकी नाक के नीचे यह सब हुआ. उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पहले खुद सोच-समझ लें कि उन्हें कहना क्या है. इसके साथ ही अरुण साव ने पीएम मोदी के दौरे समेत अन्य मुद्दों पर भी बयान दिया. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित है. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे में भूमि पूजन, लोकार्पण और

विभिन्न योजनाओं की घोषणा की संभावना है. इसे लेकर प्रारंभिक चर्चा और बातचीत हो चुकी है, लेकिन जैसे ही कार्यक्रम निर्धारित होगा, इसकी आधिकारिक सूचना दी जाएगी. नगर निगम द्वारा अवैध कब्जों पर हो रही कार्रवाई को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शहर जैसे-जैसे विकसित हो रहा है, अवैध कब्जों को हटाने की आवश्यकता भी बढ़ रही है. जो लोग विस्थापित हो रहे हैं, उनके लिए निर्धारित स्थान रहेगा. सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा नहीं हो इसके लिए नगर निगम अपनी कार्रवाई करता है.

जो संभाजी का अपमान करेगा उसे छोड़ेंगे नहीं: शिंदे

मुंबई,6 मार्च। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सपा विधायक अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र से निलंबित कर दिया गया है। शिंदे ने संवाददाताओं से कहा, महाराष्ट्र के लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें निलंबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शेगा। यह तो केवल पहला कदम है। उन्हें सिर्फ यह संकेत दिया गया है कि अगर उन्होंने दोबारा ऐसा कुछ किया तो महाराष्ट्र उन्हें माफ नहीं करेगा। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मुगल बादशाह औरंगजेब पर अपनी टिप्पणी को लेकर समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को बुधवार को मौजूदा बजट सत्र की पूरी अवधि के लिए निलंबित कर दिया। आजमी की टिप्पणी के खिलाफ बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा में प्रस्ताव लाया गया। संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन में कहा कि

आजमी के आपत्तिजनक बयान से सदन की गरिमा को ठेस पहुंची है, जिसके चलते इस सत्र के लिए उनकी सदस्यता निलंबित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे स्पीकर ने पारित कर दिया। आज़मी ने कथित तौर पर कहा था कि औरंगज़ेब एक क्रूर प्रशासक नहीं था और उसने कई मंदिर बनवाए। उन्होंने कहा कि मुगल सम्राट और छत्रपति संभाजी महाराज के बीच लड़ाई राज्य प्रशासन के लिए थी, न कि हिंदू और मुस्लिम के बारे में। मुगल बादशाह औरंगजेब पर अपनी टिप्पणी को लेकर चल रहे महाराष्ट्र बजट सत्र की पूरी अवधि के लिए निलंबित किए जाने पर अबू आजमी ने निराशा व्यक्त की। मुगल बादशाह औरंगजेब पर अपनी टिप्पणी को लेकर चल रहे महाराष्ट्र बजट सत्र की पूरी अवधि के लिए निलंबित किए जाने पर अबू आजमी ने निराशा व्यक्त की।

ग्रामीणों ने आवेदन देकर कहा- हमें जल जीवन मिशन की आवश्यकता नहीं

इससे केवल खुदाई होगी, जिससे हमें परेशानी होगी

रायपुर,6 मार्च। केंद्र सरकार राज्य सरकार पर जल जीवन मिशन को पूर्ण करने के लिए पूरा दबाव बनाए हुए हैं. राजनीतिक दल इस मिशन में हो रही देरी पर एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण इसकी आवश्यकता को ही नकारते हुए कह रहे हैं कि इससे केवल खुदाई होगी, जिसकी वजह से हमें परेशानी होगी. यह जानकारी विभागीय मंत्री अरुण साव ने सदन में विधायक संदीप साहू के मिशन के तहत कार्यों में देरी को लेकर किए गए सवाल के जवाब में दी.

विधायक संदीप साहू ने प्रश्नकाल में विधानसभा कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य का मामला उठाया. उन्होंने कहा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा 2021- 22 से 31/1/2025 तक कौन-कौन से कार्य, कितनी लागत राशि से स्वीकृत हुए? अधूरे कार्य का विवरण दें? 118 गांवों का कार्य अब तक अपूर्ण है. 197 से कितने ग्राम जलस्रोत विहीन हैं. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि 3 विकासखंड़ आते हैं. इस विधानसभा में 300 ग्राम हैं. 20/21 से 753 कार्य स्वीकृत हैं, 632 कार्य पूर्ण हैं. गांव के लोगों ने आवेदन देकर कहा कि हमें जल जीवन मिशन की आवश्यकता नहीं है. हमारे घरों में नल है. इससे केवल खुदाई होगी, जिसकी वजह से हमें परेशानी होगी, जिसकी वजह से यह कार्य आप तक रुका हुआ है. उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सड़क के कार्य आधे से ज्यादा पूर्ण हो चुके हैं.

खराब सड़क की वजह से पलटा ट्रैक्टर दो महिला समेत तीन सवारों की मौत

नारायणपुर, 6 मार्च। खराब सड़क की वजह से ट्रैक्टर पलटने से सवार दो महिला समेत तीन सवारों की मौत हो गई, वहीं एक दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल हुए. उपचार के लिए पीड़ितों छोटेडोंगरे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां सुविधाओं के नहीं होने का खामियाजा घायलों को भुगतना पड़ा. जानकारी के अनुसार, करीबन 20 से अधिक ग्रामीण पीडीएस का राशन लेकर ट्रेक्टर के जरिए गांव जा रहे थे. इस दौरान खराब सड़क और चालक की लापरवाही से ट्रेक्टर पलट गया, जिससे कमोबेश सभी सवार चोटिल हो गए, कुछ को ज्यादा तो कुछ को कम चोट आई. घटना में तीन सवारों की मौत भी हो गई. घटना पर वन मंत्री केदार कश्यप ने संज्ञान लेते हुए सोशल मीडिया में पोस्ट कर घायलों के अतिशीघ्र स्वस्थ होने की

कामना करते हुए हादसे में जान गंवानों वालों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की. बता दें कि छोटेडोंगरे स्वास्थ्य केंद्र केवल नाम का ही अस्पताल है. न तो डॉक्टर है, और न ही मरीजों को लाने-ले जाने के लिए एंबुलेंस. स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं की मांग करते हुए कांग्रेस नेता विजय सलाम ने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है.

सड़क हादसा, चार की मौत

रायपुर। उमरिया के पास शेरे पंजाब ढाबा के सामने कार और ट्रक में भिड़ंत हो गई जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई हादसा इतना भयानक था कि कर में सभी लोग फंसे हुए हैं निकालने के लिए मशक्कत जारी है ट्रक ड्राइवर फरार बताया जा रहा है इस हादसे से हाईवे पर जाम की स्थिति है।

जासूसी का आरोप एकदम निराधार और बेकार की बातें: गृहमंत्री

रायपुर, 6 मार्च। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस नेताओं के फोन सर्विलॉन्स होने वाले आरोप पर सवाल किया कि क्यों करेंगे? क्या मसला है, कोई बात ही नहीं है, जबरदस्ती की बातें हैं. एकदम निराधार और बेकार की बातें हैं, ना कोई संभावना. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इन आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेसी बजट से डर गए हैं. बीजेपी को प्रचंड बहुमत मिला है. निरर्थक बातें कर रहे हैं. इस पर जब बीजेपी विपक्ष में थी तब उनके फोन टेप होने वाले बयान पर कहा कि कभी हुआ था, कभी कहा भी था. लगा तब कहा था, लेकिन ऐसी सुबह उठकर नहीं कहा था. कांग्रेस का यह बोलना औचित्यपूर्ण विषय है. दरअसल, एक दिन पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जासूसी के गंभीर आरोप लगाए थे. उन्होंने कहा था कि मेरा फोन भी सर्विलांस में है, मेरे बगल में खुफिया तंत्र के कर्मचारी खड़े रहते हैं, एलआईबी के कर्मचारी पत्रकारवार्ता में मेरी बात को सुनते हैं. वहीं विपक्ष के बहिर्गमन को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र है.

बिजली विभाग की लापरवाही से हजारों एकड़ फसल बर्बाद

महासमुंद, 6 मार्च। प्रदेश के बागबाहरा में बिजली विभाग की लापरवाही से सैंकड़ों किसान खून के आंसू रोने को मजबूर हो गए हैं. बीते दो महीने से बिजली कटौती और लो वोल्टेज के चलते क्षेत्र के 19 हजार एकड़ खेतों में किसान सिंचाई नहीं कर पाए. इससे धान , गेंहू , उड़द , मूंग , तरबूज की फसलें पानी के अभाव में सूख कर बर्बाद हो गई. इससे न केवल किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा है, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत भी बेकार चली गई. किसानों का कहना कि बिजली विभाग ने उन्हें बर्बाद कर दिया. बता दें, बागबाहरा में किसान रबी सीजन के समय लगभग 19 हजार एकड़ में धान , दलहन , तिलहन के साथ सब्जियों की फसल लगाते हैं. इस साल भी किसान बड़ी संख्या में रबी फसल ले रहे हैं, लेकिन सिंचाई के अभाव में खेतों की जमीन में दरारें पड़ चुकी हैं. कुछ फसलों की ग्रोथ रुक गई है, तो कुछ फसलें सूख चुकी हैं. बागबाहरा क्षेत्र में 2 महीने से रात-दिन लो वोल्टेज के चलते बड़ी लाइटें भी मोमबत्ती से कम रोशनी दे रही हैं.

कम वेतन में अधिक काम करने के बाद भी 4 महीने से वेतन लंबित

मनरेगा कर्मियों ने पूछा- कैसे करें सुशासन पर विश्वास

रायपुर,6 मार्च। छत्तीसगढ़ में मनरेगा कर्मियों ने कम वेतन में अधिक काम कराए जाने और बीते 4 महीने से वेतन न दिए जाने को लेकर काफी आक्रोश है. मनरेगा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय क्षेत्रि ने कहा कि अल्प वेतन में मनरेगा कर्मियों से मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों के अलावा शासन के कई अन्य कार्य भी लिए जा रहे हैं. इसके बाद भी उन्हें 4 महीने से वेतन नहीं मिल पाया है. इसके अलावा छत्तीसगढ़ बजट को लेकर भी वे निराश हैं. मेहनत के बाद भी अपने हक का वेतन न मिलने से वे मानसिक रूप से पीड़ित हो रहे हैं. बीते दिनों अपनी मांगो को लेकर मनरेगा कर्मयों ने धरना प्रदर्शन किया था. अजय क्षत्रि ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी शासित मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं बिहार जैसे विभिन्न राज्यों में मनरेगा कर्मियों के सेवा, सामाजिक सुरक्षा एवं वेतन भुगतान संबंधी एक अच्छी मानव संसाधन नीति लागू है. साथ ही केन्द्र सरकार से राशि प्राप्त न होने पर राज्य सरकार द्वारा पूल फण्ड के माध्यम से राज्यों में वेतन भुगतान कर केन्द्र से राशि मिलने के बाद समायोजन कर लिया जाता

है. वहीं छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय जनता पार्टी की ''डबल ईंजन की सरकार'' होने के बाद भी मनरेगा कर्मी अपनी सेवा, सामाजिक सुरक्षा एवं वेतन संबंधी सुविधाओं से वंचित हैं. अतिरिक्त कार्य का बोझ है, ऐसे में सुशासन पर विश्वास कैसे होगा?

अजय क्षत्रि ने आगे कहा कि 3 मार्च को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने पेश किया. बजट में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत कार्यरत कर्मियों के लिए कुछ भी नहीं किया गया है, जिसके चलते प्रदेशभर के मनरेगाकर्मी निराशा हैं. मनरेगा कर्मियों से अल्प वेतन में मनरेगा कार्य और प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों के अलावा शासन के अन्य कार्य भी लिए जा रहे हैं. इसके बावजूद भी विगत 4 माह से वेतन नहीं मिल पाया है. जिसके कारण कर्मचारी मानसिक रूप से पीड़ित एवं सरकार के प्रति आक्रोशित हैं। साथ ही सरकार इनके सुरक्षित भविष्य के लिए कोई मानव संसाधन नीति भी सरकार लागू नहीं कर पाई है, जिसके लिए ये कर्मचारी लंबे समय से संघर्षरत हैं. मनरेगा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अध्यक्षता में ''छ.ग. मनरेगा कर्मियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक सामाजिक और सेवा सुरक्षा की दृष्टि से मानव संसाधन नीति लागू किये जाने के लिए '' राज्य स्तरीय 8 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है. उन्होंने आगे कहा कि अत्यंत खेद का विषय है कि पूर्व कांग्रेस सरकार में जिस प्रकार पिछले 5 वर्षों में केवल कमेटी-कमेटी खेला गया, अब वही काम इस सुशासन की सरकार में भी किया जा रहा है. सितंबर 2024 में 15 दिनों के भीतर कमेटी का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और उसमें मनरेगा कर्मियों के सेवा/भविष्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा अनुकंपा नियुक्ति जैसी महत्वपूर्ण बिंदुओं का समावेश करने के लिए छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा के वादे को पूरे होने का इंतजार करते अब ये मनरेगा कर्मी भी थक गए हैं. कभी-कभी देर से मिला न्याय भी अन्याय सा प्रतीत होता है.

8 परिवारों को नक्सलियों ने दो गांवों से निकाला

बीजापुर, 6 मार्च। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के तुशवाल पंचायत के दो गांवों के 8 परिवारों को नक्सलियों ने गांव से बेदखल कर दिया है। इन परिवारों पर नक्सलियों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने थुलथुली मुठभेड़ के दौरान मुखबिरी की थी।

ग्रामीणों के अनुसार नक्सलियों के पूर्वी बस्तर डिविजन की कंपनी 6 की प्रमुख डीवीसी निर्मला के साथ आए 50 से अधिक नक्सलियों ने तीन दिन पहले एक जनअदालत लगाकर इन परिवारों को गांव छोड़ने का आदेश दिया। नक्सलियों ने साफ तौर पर कहा कि अगर ये परिवार वापस आए तो उनकी जान ले ली जाएगी। इसके बाद ये आठ परिवार अब दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। तुशवाल गांव बीजापुर जिले

का एक राजस्व ग्राम है और दंतेवाड़ा और बीजापुर की सीमा पर स्थित है। पीड़ित परिवारों का कहना है कि जनअदालत के दिन 50 से 60 नक्सलियों का एक समूह गांव में आया था, जिसमें डीवीसी निर्मला, ललिता, पाकलू, रामधर और राजेश जैसे लोग शामिल थे।

पीड़ितों के मुताबिक, उस दिन गांव में खौफ का माहौल था, क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं नक्सली उन्हें भी मौत का फरमान न सुनाएं। अब ये परिवार बस्तर जिले के किलेपाल में पनाह लेने का सोच रहे हैं, जहां उनके रिश्तेदार रहते हैं।

कुछ परिवार दंतेवाड़ा जिले के पनेड़ा और वाहनपुर में भी शरण ले रहे हैं।

एक नजर

दो लोग गांजा ले जाते गिरफ्तार

भिलाई, 6 मार्च। भिलाई रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग की सयुंक्त टीम द्वारा गाड़ी रेलवे सुर. पोस्ट-दुर्ग संख्या 18425 पुरी दुर्ग एक्स को रायपुर से दुर्ग के मध्य विशेष अभियान के तहत चेक किये जाने पर दो यात्रियों को गांजा के साथ पकड़ा गया। चेकिंग के दौरान एस 3 कोच के 2 संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम देबाकिशोर पधान व जयमंगल पधान बताया एवं टीटलागढ़ से दुर्ग यात्रा करना बताया कड़ाई से पूछने पर 2 बैग में गांजा रखा होना स्वीकार किया दुर्ग टीआई आरपीएफ एसके सिन्हा ने बताया कि दुर्ग स्टेशन पर कार्यवाही के दौरान कुल 12.395 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया जिसका अनुमानित मूल्य 2,47,900 रुपये आंका गया है समस्त वैधानिक कार्यवाही के पश्चात एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 20 एवं 29 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया।

लूट के आरोपी भोपाल से गिरफ्तार

भिलाई, 6 मार्च। भिलाई पिछले साल नौ दिसंबर को मुक्ता सिनेमा भिलाई तीन में हुई लूट के आरोपित को पुलिस ने भोपाल से तीन दिन पहले गिरफ्तार किया है। 28 वर्षीय आरोपित सुनील सिंह राजपूत सिनेमा हाल में मैनेजर रह चुका है पुलिस ने एक हजार सीसी टीवी फुटेज खंगाला व इंदौर के एक सिनेमा हाल में हुई लूट की घटना का पैटर्न देखने के बाद आरोपित तक पहुंच पाई आरोपित को रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है छावनी सीएसपी हरिश पटेल ने बताया कि मुक्ता सिनेमा में नौ नकाबपोश बदमाश गार्ड नोहर देवांगन को बंधक बनाकर एक लाख 34 हजार रुपये लूटे गए थे उस वक्त मुक्ता सिनेमा में पुष्पा-2 फिल्म चल रही थी। घटना को सुबह चार बजे अंजाम दिया गया था। घटना के बाद आरोपित सुनील ने नौकरी छोड़ दी थी आरोपित ने बयान में बताया कि नौकरी ना होने से आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, इसलिए उसने दोस्त के साथ लूट की योजना बनाई उसे मुक्ता सिनेमा के लाकर की चाबी के बारे में पहले से जानकारी थी वह भोपाल से ट्रेन से दुर्ग आया और फिर बाइक से दोस्त के साथ सिनेमा हाल पहुंचा फिर लूट की वारदात को अंजाम देकर वापस भोपाल चला गया पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया है। वहीं दूसरे आरोपित को पकड़ने के लिए टीम रवाना हो गई है ।

पालतू कुत्ते ने महिला को काटा

भिलाई, 6 मार्च। भिलाई भट्ठी थाना अंतर्गत एक महिला को पालतू कुत्ता ने काट दिया महिला घायल हो गई रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 291 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है वहीं भिलाई निगम ने आवारा कुत्तों की धरपकड़ शुरू कर दी है। पकड़े गए कुत्तों का बधियाकरण किया जाएगा भट्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर-चार निवासी सुनंदा राखोंडे घर-घर जाकर खाना बनाने का काम करती है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चार मार्च की शाम साढ़े सात बजे सेक्टर-चार सड़क 16 सोसायटी से चावल लेकर वापस घर लौट रही थी सेक्टर-चार सड़क 19 के पास पहुंची थी, तभी गोपी नायक ने अपने पालतु कुत्ते को सड़क पर खुला छोड़ रखा था कुत्ते ने अचानक उस हमला किया व दाहिने हाथ व दोनों पैर को काट लिया सुनंदा ने शासकीय अस्पताल सुपेला में इलाज कराया ।

रामनगर शासकीय शाला का आयुक्त ने औचक निरीक्षण किया

भिलाई, 6 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के रामनगर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त सुश्री येशा लहरे को लेकर निरीक्षण करने पहुंचे। वहां जाकर शिक्षको द्वारा पढ़ाये जा रहे विषय के बारे में जानकारी प्राप्त किये। बच्चों को किस प्रकार से पढ़ाया जा रहा है, उनका कोर्स पुरा हुआ कि नहीं हुआ। परीक्षा कब है, जो पढ़ाया जा रहा है उसको बच्चे कितना समझ में आ रहा है इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त किये। बच्चो से खुद किताब पढ़वाये और उनसे सवाल जवाब भी किये। बच्चों को अपने क्लास एवं घरो की साफ-सफाई करने के लिए भी प्रोत्साहित किये। माध्यमिक शाला में बच्चो की उपस्थिति कम होने पर आयुक्त ने उपस्थित शिक्षकों से चिंता व्यक्त की। कक्षा-3 में मात्र 16 बच्चे, कक्षा-4 में 11 बच्चे, कक्षा-5 में 9 बच्चे ही उपस्थित थे। आयुक्त पाण्डेय ने शिक्षकों से पूछा क्या आपके द्वारा बच्चो के माता पिता से संपर्क किया जा रहा है, कि बच्चे क्यो नहीं स्कूल आ रहे है। जबकि अब पांचवी बोर्ड परीक्षा शुरू होने वाली है। बच्चों का हाजरी रजिस्टर की भी जांच किये, बच्चों के अभिभावको से भी फोन से संपर्क किये। उन्हे अपने बच्चो को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित किये। शिक्षको का कहना था, कि माता/पिता बच्चों को स्कूल भेजने एवं पढाई के बारे में ध्यान नहीं देते है। जोन आयुक्त येशा लहरे ने बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि हम भी शासकीय स्कूल में पढ़कर आज आपके जोन की जोन आयुक्त बनी हूँ। यह कठिन महेनत व लगन से पढ़ाई करके ही सब कुछ पाया जा सकता है।

फर्जी दस्तावेज बना सरकारी जमीन बेच दी

भिलाई, 6 मार्च। भिलाई प्रार्थी ने छह साल पूर्व कोहकों में जमीन खरीदी थी छह साल बाद उसने एक जमीन को दूसरे व्यक्ति को बेच दिया जिसे जमीन बेचा उसने बकायदा उस पर घर भी बना लिया उसके बाद पता चला कि उक्त जमीन सरकारी है चार लोगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी जमीन उसे बेच दी थी प्रार्थी ने वैशाली नगर थाने में शिकायत की है प्रार्थी जवाहर नगर भिलाई निवासी देवनाथ गुप्ता है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जायेगा छत्तीसगढ़ बजट:चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 6 मार्च। छत्तीसगढ़ प्रदेश का यह बजट खुशहाल प्रदेश बनाने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। आज बजट प्रस्तुत हुआ है छत्तीसगढ़ मंत्री ओ.पी.चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जावेगा। छत्तीसगढ़ का यह बजट आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को रोजगार की दिशा पर आगे बढ़ने वाला बजट है,यह बजट छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधा को आगे ले जाने वाला बजट है, यह बजट छत्तीसगढ़ को सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने वाला बजट है।नगरीय क्षेत्र में मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना लाना शहर के विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा ,साथ ही साथ नगरी क्षेत्र में अधोसरंचना विकास हेतु 750 करोड़ प्रदान करना नगर के विकास के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। कवर्धा शहर में स्वास्थ्य की सुविधा को आगे बढ़ाने हेतु इस बजट में जिस प्रकार से एक नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति मिली है जो कवर्धा में स्वास्थ्य सुविधा को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान देगा । इसी तरह ही कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुए पटवारी को संसाधन भट्ट देना और साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय कर्मचारी का मंहगाई भत्ता 50 प्रतिशत से बढ़ाकर अब 53 प्रतिशत कर दिया गया है इस घोषणा से छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के लिए अत्यंत खुशी का बजट है।छत्तीसगढ़ का बजट जो पेश किया है वह बेरोजगार युवाओं के लिए एक आशा की किरण जगाने वाला है बजट है, 20000 से अधिक शिक्षकों की भर्ती की घोषणा करना युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए महत्वपूर्ण होगा, साथ ही 12 नर्सिंग कॉलेज एवं 6 फिजियोथैरेपी कॉलेज खुलने से युवाओं को अनेक रोजगार के अवसर से मिलने वाले हैं। जो युवा पुलिस की तैयारी कर रहे हैं और सपना देख रहे हैं कि वो भी वर्दी की नौकरी करना चाहते उनके लिए छत्तीसगढ़ शासन एनएसजी के तहत पर एसएसजी का प्रावधान लाया गया है, तथा सीआईएसएफ के तर्ज पर स्ढ्ढस्न का गठन किया जायेगा जिससे आने वाले समय पर युवाओं शासकीय रोजगार मिल पायेगा इस बड़ी घोषणा से युवाओं में प्रसन्नता आई है। इसी तरह महतारी वंदन में 5500 करोड़ का प्रावधान करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसने हमारी बहनों को बहुत लाभ होगा।

जिपं सदस्यों ने बजट की तारीफ की जिले में दिखेगी विकास की तस्वीर

कवर्धा, 6 मार्च। जिला पंचायत सदस्य दीपा धुर्वे , जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी धृतलहरे और जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा साहू ओर जिला पंचायत सदस्य राजकुमारी साहू ने कहा की शिक्षा , स्वास्थ्य , कृषि ओर गांवों के विकास को देखते हुए बहुत सुंदर बनाया गया है और छत्तीसगढ़ सहित कबीरधाम जिले में चहुमुखी विकास की तस्वीर दिखेगी । युवाओं को रोजगार के लिए भी बजट में ध्यान दिया गया जो की सराहनीय है । विकसित छत्तीसगढ़ के साथ साथ विकसित कबीरधाम जिला ओर पंडरिया विधानसभा विकसित दिशा की और अग्रसर होगी ।

बजट से युवाओं,किसानों और महिलाओं को निराशा:रानू दुबे

कवर्धा, 6 मार्च। पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रानू दुबे ने कहा कि इस बजट में न तो युवाओं के रोजगार का कोई ठोस रोडमैप है न ही महंगाई से निपटने की कोई रणनीति रानू दुबे ने कहा कि मोदी की गारंटी में 1 लाख नौकरियो का वादा किया गया था, लेकिन इस बजट में इसका कोई जिक्र नहीं है, महिलाओं को 500 रु में गैस सिलेंडर देने की बात कही गई थी,इस पर कोई प्रावधान नहीं किया गया,कुल मिलाकर यह बजट निराशाजनक ,छलावा

सड़क किनारे लगी बेतरतीब प्रचार सामग्री को निगम टीम ने किया जब्त

रिसाली,6 मार्च। सड़क किनारे अवैध तरीके से दुकान सजाने और बिना अनुमति प्रचार सामाग्री लगाने वालों के खिलाफ निगम प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर तोडू विभाग की टीम ने पैदल मार्च किया। 90 से ज्यादा प्रचार सामाग्री को जब्त किया गया। राजस्व विभाग के तोड़ फोड़ प्रभारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि लागातार शिकायतें मिल रही थी कि शाम के समय मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति रहती है। दुकान के सामने बेतरतीब तरीके से रखे प्रचार सामाग्री और सामानों की वजह से यह स्थिति बन रही है। समझाईश के बाद भी स्थिति नहीं सुधारने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। कार्रवाई में राजस्व विभाग प्रभारी मंगल कुर्रे, विवेकरंगनाथ, किशोर रामटेके, टेकराम हरिन्द्रवार, जय साहू, डिलेश साहू, आदि शामिल थे। जोहार चैक से गुप्ता फर्नीचर तक चले कार्रवाई में निगम कर्मचारियों ने सड़क पर लगे चाय, नास्ता, दोसा ठेला को चेतावनी देकर हटाया। वही हुज्जत करने पर चार ठेला को जब्त किया गया। गंदगी फैलाने पर भिलाई मसाला उद्योग, सड़क बाधा करने पर अभिषेक जयसवाल, किसन सचदेव से 500-500 रूपए जुर्माना वसूल किया गया। इस दौरान चेतावनी दी गई कि दोबारा गलती करने पर दो गुना अर्थदण्ड की राशि वसूल की जाएगी।

निक्षय निरामय भारत पर केंद्रित पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता प्रदर्शनी उद्घाटित

भिलाई, 6 मार्च। सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरीए इंदिरा प्लेस सिविक सेंटर में टीबी हारे गाए देश जीतेगा निक्षय निरामय भारत पर केंद्रित पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 04 मार्च मंगलवार को मुख्य अतिथिए कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलाकारों के साथ कार्यपालक निदेशक डॉ. रविन्द्रनाथ एम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण डॉ,विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, डॉ, एस मर्जी मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन एवं पंकज, डॉ.एडी बैनर्जी, अन्य वरिष्ठ डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफउपस्थित थे।

सार्वजनिक टॉयलेट संचालक एजेंसी को आयुक्त ने दी चेतावनी

रिसाली,6 मार्च। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा घनी आबादी वाले क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं की लगातार समीक्षा कर रही है। स्वच्छता श्रृंगार के तहत कार्य करने वाली एजेंसी को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने या कोताही बरतने पर अनुबंध निरस्त किया जाएगा। स्लम और घनी आबादी वाले क्षेत्र में कुल 29 सार्वजनिक शौचालय है। संचालन के लिए निगम से कुल 7 एजेंसी ने अनुबंध किया है। सार्वजनिक शौचालायों का उपयोग करने वालों को सुविधाएं देने का कार्य भी एजेंसी को ही करना है। शौचालय चलाने अधिकृत एजेंसी को आयुक्त मोनिका वर्मा ने स्पष्ट कहा कि सुविधाओं में कटौती करने पर एक पक्षयी कार्यवाही करते अनुबंध निरस्त कर दी जाएगी। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि गेट में 3 तरह का रजिस्टर रखना अनिवार्य है। शिकायत, स्टॉक और फीड बैक रजिस्टर पूरे समय नागरिकों को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य के बाद सभी एजेंसी चेक लिस्ट का मिलान कर शौचालय हैंड ओवर ले। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि मार्च में ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस योजना के तहत निगम क्षेत्र में सर्वे के लिए टीम आएगी। इसे ध्यान में रख एजेंसी कार्य करे।

आवारा कुत्तों का किया जाएगा बधियाकरण

भिलाई, 6 मार्च। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में आवारा कुत्तों को पकड़ने का काम शुरू हो गया है। अभी खुर्सीपार के वार्ड क्रमांक 42 से शुरू किया गया है। आगे भी चलेगा । जो नागरिक अपने घरों में कुत्ता पाल रखे हैं। वह अपने कुत्तों को घर में बांध के रखें। उसके गले में पट्टा लगा दें, ताकि पकड़ने वालों को पता चल जाए की कौन कौन सा कुत्ता घर का है। कौन सा कुत्ता स्ट्रीट डॉग है। धीरे-धीरे कुत्तों को पकड़ कर बधियाकरण किया जाएगा।

भिलाई इस्पात संयंत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया

भिलाई, 6 मार्च। सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह 04 मार्च को महात्मा गांधी कला मंदिर में विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण अत्यधिक महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में पूर्व निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षाए दुर्गद्ध केण्केण् द्विवेदीए उप.निदेशक ;औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षाए दुर्गद्ध आशुतोष पांडेए कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती कार्यपालक निदेशक पवन कुमारए कार्यपालक निदेशक डॉण् एम रवींद्रनाथ और कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार उपस्थित थे। साथ ही साथ ही मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगणए मुख्य महाप्रबंधकगणए बीएसपी.ऑफिसर्स एसोसिएशन के सदस्यए यूनियन प्रतिनिधि वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कार्मिकगण उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी ने स्वागत भाषण दिया। महाप्रबंधक एसआर जत्रेले और उनकी पत्नी महाप्रबंधक श्रीमती शिवानी जत्रेले द्वारा लिखित इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग . सुरक्षा संजीवनी नामक सुरक्षा मानक पुस्तिका का विमोचन किया गया। टीम एसपी.3 द्वारा गब्बर का सुरक्षा ज्ञान शीर्षक से एक सुरक्षा स्किट डब्ल्यूएमडी के रवि यादव का एक सुरक्षा गीतए महाप्रबंधक जी के साहू द्वारा सुरक्षा कविता और एसपी.3 के रमेश साहू और श्रीमती सरिता देवांगन द्वारा सुरक्षा गीत प्रस्तुत किए गए। एस मुखोपाध्याय ने 54 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर बीएसपी कलेक्टिव को बधाई दी और कहा कि सुरक्षा एक आजीवन यात्रा हैए हमें भविष्य में विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता हैए लेकिन वास्तविक सफलता बिना किसी कमी या गलतियों के सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इन चुनौतियों का बहादुरी से सामना करना है। केण्केण् द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि 04 मार्च भारतीय उद्योगों के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। उप निदेशक ;औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षाए दुर्गद्ध आशुतोष पाण्डेय ने बीएसपी कलेक्टिव को संयंत्र और जीवन के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। पांडे ने कहाए दुर्घटना मुक्त उत्पादन प्राप्त करने की कुंजी सभी विभागों और कर्मचारियों के बीच अच्छे समन्वय और सहयोग के साथ हमारे मौजूदा सुरक्षा मानकों और लक्ष्यों को संशोधितए पुनर्विचार और आगे उन्नत करना है। इसके साथ ही हमारे समकक्षों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उप प्रबंधक जेण्डीण् मानिकपुरी द्वारा पुरस्कार के लिए प्रमाण पत्र पढ़े गए। सहायक महाप्रबंधक शोवन घोष ने सुरक्षा शपथ दिलाई। संचालन जेण्डीण् मानिकपुरी और महाप्रबंधक प्रभारी एसण्केण् अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

नवीन क्यू आर बेस्ड डीडीएन एवं निदान एप का दिया गया प्रशिक्षण

भिलाई, 6 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में नवीन क्यू आर बेस्ड डी डी एन एवं निदान एप का प्रशिक्षण सभी अधिकारियो/कर्मचारियो एवं शहरी अजीविका मिशन की सहायिकाओं को दिया गया। निदान एप के द्वारा किस प्रकार से नगर की स्वच्छता, अवैध निर्माण, जल आपूर्ति, लाईट कनेक्शन, नल कनेक्शन, उद्यान, निर्माण आदि जरूरतों का निदान किस प्रकार से होगा। प्रशिक्षक गोपाल द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि सर्व प्रथम एप इस लिंक में जाकर डाउनलोड करना होगा। उसके बाद संबंधित व्यक्ति स्थल का फोटोग्राफ/वीडियो लोकेशन के साथ भेज देगा। उसमें जगह, तिथि, समय, वार्ड नं., जोन क्रं., लोकेशन के साथ दर्ज हो जाएगा। सफाई से संबंधित प्रथम सूचना जोन के वार्ड सुपरवाईजर के पास आएगा। वह 24 घंटे में निदान करके फोटोग्राफ ग्रुप में डालेगा। 24 घंटे के बाद निदान नहीं होने पर यह जानकारी जोन के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी के पास पहुंच जाएगा। 24 घंटे के अंदर वहां से निदान न होने पर यह जोन आयुक्त एवं निगम आयुक्त के पास पहुंच जाएगा। उससे पता चल जायेगा कि संबंधित स्थल का कार्य हुआ कि नहीं सभी की जवाबदेही निर्धारित हो जायेगी। समय अवधि में कार्य नहीं होने पर आयुक्त द्वारा संबंधित के खिलाफ कार्यवाही भी की जावेगी। अवैध कब्जा से संबंधित निराकरण 7 दिवस के अंदर किया जाएगा। सर्व प्रथम वार्ड सुपरवाईजर के पास आयेगा। वार्ड सुपरवाईजर से निदान न होने पर यह जोन राजस्व अधिकारी के पास पहुचं जाएगा। 14 दिन के अंदर वहां निदान न होने पर जोन आयुक्त के पास जानकारी चली जायेगी कि कार्यवाही हुआ कि नहीं। वहां से भी नहीं होने पर 21 दिन बाद आयुक्त के पास संबंधित शिकायत पहुच जायेगी कि शिकायतकर्ता के कार्य का निराकरण हुआ कि नहीं। निराकरण करने के बाद स्थल का फोटोग्राफ भी डाला जायेगा। संबंधित व्यक्ति से संतुष्टि प्रमाण पत्र भी प्राप्त हो सकेगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नागरिको से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में एप को डाउनलोड करके आप अपने स्थानीय समस्या का समाधान या किसी भी प्रकार की शिकायत, अवैध निर्माण, पानी बह रहा है, कोई कचरा फेंक रहा है, कहीं पर गंदगी फैली है आदि का तुरन्त फोटो या वीडियो लेकर भेज सकते है। इसका निदान निगम के द्वारा शीध्र किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डी. के वर्मा, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, लेखाधिकारी सी.बी.साहू, प्रोग्रामर सुश्री दिप्ती साहू, निगम के अभियंता गण आदि उपस्थित रहे।

राजपूत क्षत्रिय महासभा उप समिति साजा के अध्यक्ष बने जनार्दन ठाकुर

साजा, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राजपूत क्षत्रिय महासभा साजा उप समिति पंजीयन क्रमांक 1282 के निर्वाचन के तहत नामांकन प्रक्रिया हेतु थान ख़म्हरिया से पर्यवेक्षक के रूप में रोहित सिंह (सचिव), रविकांत सिंह बैस (उपाध्यक्ष) एवम् सहयोगी के रूप में सनत कुमार सिंह व बलराम सिंह जी शामिल हुए और समिति का नामांकन कार्य संपन्न कराया। जिसमें 15 विभिन्न पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ तथा दो पद रिक्त रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नाम . ठाकुर जनार्दन सिंह जी (अध्यक्ष) , ठाकुर रमेश सिंह (उपाध्यक्ष) , ठाकुर शल मुकेश सिंह (कोषाध्यक्ष) , ठाकुर कमलनारायण सिंह (सचिव) ,. ठाकुर विनोद सिंह (उपसचिव), ठाकुर श्री ज्वाला सिंह(केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य)।, ठाकुर लाल नरेंद्र सिंह (केंद्रीय निर्णायक सदस्य) ।, ठाकुर दिनेंद्र सिंह (उपसमिति कार्यकारिणी सदस्य)। ठाकुर चंद्रशेखर सिंह (उपसमिति कार्यकारिणी सदस्य) , ठाकुर मनोज सिंह केशरी जी (उपसमिति कार्यकारिणी सदस्य) ठाकुर संतोष सिंह (उपसमिति कार्यकारिणी सदस्य) ठाकुर सुरेश सिंह (उपसमिति कार्यकारिणी सदस्य) ठाकुर श्रीमती कनकलता (महिला मंडल अध्यक्ष)।. ठाकुर प्रीतम सिंह जी (युवा मंडल अध्यक्ष) .ठाकुर श्री निखिल सिंह (युवा मंडल सचिव) निर्वाचित हुए ।



मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव ज्ञानदीप पुरस्कार से पुरस्कृत किए गए प्रधान पाठक साहू

उतई, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला कार्यालय कलेक्टरेट बालोद के सभागार में आयोजित समारोह पर प्रधान पाठक युवराज सिंह साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांगरी विकास खण्ड गुण्डरदेही को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण ज्ञानदीप पुरस्कार से पुरस्कृत कर शाल,प्रतिक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया ।शासकीय शिक्षक की सेवा में शिक्षण कार्य दिनांक 20-09-1994से प्रारंभ शाला के समस्त गतिविधिया खेल, योग,शिक्षा, स्वास्थ्य,संस्कृति,राष्ट्रीय अभियान-स्वच्छता, नशामुक्त वृक्षारोपण, मध्यान्ह भोजन-पोषण आहार, कीचन गार्डन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में रुचि रखते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान दे रहे हैं। पालक -बालक ,जनसमुदाय,ग्रामीणों के बीच मधुर संबंध रखने,गुणवत्ता सुधार में विशेष भागीदारी, पुरे सेवा काल के प्रशिक्षण में एक भी दिन अनुपस्थित न होने, शिकवा शिकायत न होने, सद्चरित्र एवं नियमित शाला उपस्थिति के लिए विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय से प्रमाण पत्र प्राप्त है।

पाटन जनपद अध्यक्ष बनने पर कीर्ति नायक ने संगठन एवं जनपद सदस्यों का दिया धन्यवाद

उतई, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जनपद पंचायत पाटन में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। जनपद पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक के जनपद सदस्य कीर्ति नायक को मिली हैं। कीर्ति नायक प्रारंभ से ही संगठन एवं जनसेवा में सक्रिय थी। उनकी सक्रियता एवं जनसेवा के प्रति कर्मठता और लगन को देखते हुए संगठन ने उसके नाम पर मुहर लगाई हैं।जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया हैं। कीर्ति नायक ने कहा कि जनपद अध्यक्ष की जिम्मेदारी संगठन ने मुझे दी है इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जमवाल जी, संगठन महामंत्री पवन साय जी, सांसदी विजय बघेल जी, जिलाध्यक्ष , सुरेंद्र कौशिक,पर्यवेक्षक श्री राजेंद्र पाद्धे जी, मंडल अध्यक्षो, जनपद सदस्यों एवं जेष्ठ-श्रेष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी जनता का भी आभार व्यक्त करती हूँ।

ग्राम पाउवारा के कांग्रेस नेता राकेश हिरवानी जनपद उपाध्यक्ष बने

उतई, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जनपद पंचायत दूर्ग में लगातार दूसरी बार उतई क्षेत्र के ग्राम पाउवारा के कांग्रेस नेता राकेश हिरवानी को जनपद उपाध्यक्ष बनने का बड़ा अवसर मिला है श्री हिरवानी ने बताया कि यह बड़ी सफलता है जिसके श्रेय क्षेत्र के मतदाता को देते है ।जिसको लेकर ग्राम पाउवारा के ग्रामीणो ने फटाका फोड़कर मिठाई बाटकर खुशियां मनाई है।ज्ञात हो की नवनिर्वाचित जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी पांच साल से जनपद सदस्य के अलावा कृषि समिति के सभापति के रूप में कार्य कर चुके है। जिन्हें किसानों के बीच मे काम करने का अनुभव है ।

निधन,भुवन लाल वर्मा



उतई। अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि श्री रामनाथ जी, माधव प्रसाद रेखराम एवं निवर्तमान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के पिताजी सेवानिवृत्त शिक्षक श्री भुवन लाल वर्मा (84 वर्षीय) का हॉस्पिटल में इलाज के दौरान आज प्रातः 07-32 बजे निधन हो गया है।मृत देह को अंतिम दर्शन एवं श्रद्धांजलि हेतु ग्राम झाड़मोखली, तहसील पाटन में आज दिनाँक 06 मार्च 2025, गुरुवार को प्रातः 10-30 बजे से 11-30 बजे तक रखा जाएगा, तत्पश्चात अंतिम यात्रा 11-30 बजे देहदान हेतु मेडिकल कॉलेज प्रस्थान करेगी।मृतात्मा की शांति एवं श्रद्धांजलि हेतु अंतिम दर्शन (ग्राम झाड़मोखली) में ।

एक नजर

विकसित भारत युवा संसद युवाओं के लिए संसद में जाने,बोलने का अवसर

धमतरी 06 मार्च। छत्तीसगढ़ सहित धमतरी जिले के युवाओं को भारत की संसद में जाने का सुनहरा अवसर मिलने वाला है। ''विकसित भारत युवा संसद'' कार्यक्रम के तहत प्रत्येक प्रदेश से तीन चरणों में चयनित सर्वश्रेष्ठ युवा वक्ताओं को नई दिल्ली के संसद भवन में आयोजित विशेष सत्रों में अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलेगा। इसके लिए युवा 9 मार्च तक माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को पंजीकरण के दौरान एक मिनिट का वीडियो भी पोर्टल पर अपलोड करना होगा। युवा कार्यक्रम विभाग के समन्वयक और बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पीजी कॉलेज कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में तीन चरणों में चयन होगा। पहले चरण में माय भारत पोर्टल पर वीडियो अपलोड करना होगा, जिससे 150 युवाओं को नोडल जिला-स्तर पर बुलाया जाएगा। वहां से 10 युवा राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट के लिए चुने जाएंगे और राज्य स्तर से चयनित सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं को राष्ट्रीय स्तर पर संसद में अपने विचार रखने का मौका मिलेगा।

खेलो इंडिया अस्मिता सिटी लीग इंडोर स्टेडियम में 9 मार्च को

धमतरी 06 मार्च। धमतरी के आमातालाब स्थित बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में 9 मार्च को अस्मिता सिटी लीग का आयोजन होने जा रहा है। खेलो इंडिया योजना के तहत आयोजित इस लीग में अंडर-19 बालिका वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता होंगी। इसके लिए टीमों का पंजीयन 8 मार्च 2025 तक कराया जा सकेगा। जिले के खेल अधिकारी ने बताया कि महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के तहत अस्मिता सिटी लीग की शुरूआत की गई है। इस लीग में धमतरी में अंडर 19 बालिका वर्ग में 50 किलोग्राम और 53 किलोग्राम श्रेणी में कुश्ती की प्रतियोगिताएं इंडोर स्टेडियम में होंगी। खेल अधिकारी ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के लिए टीमों का पंजीयन 8 मार्च तक किया जाएगा। पंजीयन के लिए खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रूद्री कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही खेल इंडिया लघु केन्द्र इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में भी निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए श्री जे.पी.देव से मोबाईल नंबर 63010-07368, सुश्री लीना यादव से 73896-34552 और श्री विकास सिंह ठाकुर से मोबाईल नंबर 91316-01455 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

धमतरी जिला पंचायत में भाजपा को पूर्ण बहुमत, अरुण सार्वा होंगे जिला अध्यक्ष

धमतरी, 06 मार्च। छत्तीसगढ़ में सभी निगमों में भाजपा का कब्जा हो गया है। अब शहरों में

नवनिर्वाचित महापौर और नगरपंचायत अध्यक्ष का शपथ ग्रहण होने के बाद अब बारी है जिला पंचायत अध्यक्ष का, इसके साथ ही नए अध्यक्ष के लिए सियासी दांवपेंच शुरू हो गया है। आरक्षण की बात करें तो धमतरी जिला पंचायत अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त है। इसके पहले जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर महिला पदस्थ रहीं है। बता दें कि धमतरी जिला पंचायत चुनाव के बाद 13 नए सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंप दिया गया है। इनमें से 11 सदस्य भाजपा से है, इसके अलावा तीन ऐसे सदस्य हैं जो दूबारा जीत कर आए हैं, कांग्रेस के नीलम चंद्राकर ने तो तीसरी बार जीत हासिल किया है, दूसरी बार जीत दर्ज करने वाली श्रीमती कविता बाबर और अनिता ध्रुव है, बाकी 10 सदस्य पहली बार चुनाव जीते हैं।

इसमें से 11 सदस्य भाजपा के है, जिसके आधार पर जिला पंचायत में भाजपा का बहुमत है और भाजपा से ही जिला अध्यक्ष बनना तय है, सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक अरुण सार्वा को अध्यक्ष बनाया जा सकता है खबरों की मानें तो भाजपा नेतृत्व के द्वारा अरुण सार्वा के नाम पर मुहर लगा दिया गया है, अब जिला पंचायत में 7 मार्च को सम्मिलन होना है जहां पर सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अरुण सार्वा के नाम को फाइनल किया जाएगा, यहां बताना लाजिमी है कि नगरी सिहावा क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से अरुण सार्वा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को बड़े अंतर से हराया है और लगभग 16 हजार वोटो से जीत हासिल किया है।

गुरुदर्शन मेले में राज्य सहित देशभर से आ रहे हैं श्रद्धालु आशीर्वाद लेने

- मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं और सुरक्षा का व्यापक विस्तार
- मुख्यमंत्री की घोषणा पर मेले के आयोजन के लिए मिलेगी 50 लाख रुपए की राशि
- मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थायी शेड का होगा निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 06 मार्च। बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली और कर्मस्थली गिरौदपुरी में आयोजित गुरूदर्शन मेला अपनी भव्यता और आस्था के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। 04 से 06 मार्च तक चलने वाले इस मेले में छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत से हजारों श्रद्धालु आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री साय ने इस बार मेले को भव्य स्वरूप में आयोजित करने के लिए 50 लाख रुपए की राशि की घोषणा की है, जो पूर्व में 25 लाख रुपए थी। इसके साथ ही, मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थायी शेड के निर्माण की भी घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री साय ने स्वयं गुरू गद्दी का दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की और मेले की भव्यता बढ़ाने और श्रद्धालुओं को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए मेला बजट को दोगुना करने के साथ ही जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री साय की घोषणा के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थायी शेड निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण एवं माप-जोख करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशानिर्देश पर इस वर्ष मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए बेहतर इंतजाम किए गए हैं। गुरूदर्शन मेला न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का केंद्र है। इस वर्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से इसे और भव्य और सुव्यवस्थित बनाया गया है। प्रशासन द्वारा की गई इन सुविधाओं की बढ़ोतरी से श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा। गुरूदर्शन मेले का यह ऐतिहासिक विस्तार श्रद्धालुओं की सेवा और आस्था को नई ऊँचाई पर ले जाने वाला साबित होगा। गुरुदर्शन मेले में श्रद्धालुओं को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है, जिसके अंतर्गत चिकित्सा सहायता केंद्रों की संख्या 2 से बढ़ाकर 8 कर दी गई है।

जपं में भाजपा ने लहराया जीत का परचम

■ जनपद पर भाजपा का कब्जा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 06 मार्च। जनपद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के पद पर भाजपा प्रत्याशियों ने अपना परचम लहरा दिया है तो कांग्रेस के दिग्गज नेता दूर दूर तक दिखाई नहीं दिए. सदस्य और जनपद सदस्य व कांग्रेस के पदाधिकारी अंगुली पर गिन कर गिनती के दिखाई दिए. चौंकाने वाली बात यह है कि डोंगरगढ़ विधानसभा और डोंगरगांव विधानसभा में कांग्रेस के विधायक के साथ साथ अपने आप को बड़ा नेता समझने वाले अपने घरों में दुबके रहे. निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार डोंगरगढ़ जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर निर्धारित समय अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से क्षेत्र क्रमांक 25 से निर्वाचित जनपद सदस्य लता अजय सिन्हा व कांग्रेस से क्षेत्र क्रमांक 08 से निर्वाचित जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव के बीच अध्यक्ष पद की दावेदारी की गई थी. डोंगरगढ़ जनपद में कुल 25 जनपद सदस्य निर्वाचित हुए हैं. अध्यक्ष पद के मतदान के भाजपा के अध्यक्ष पद के दावेदार लता अजय सिन्हा को 18 मत प्राप्त हुए तो कांग्रेस की प्रीति वैष्णव को मात्र 07 मत प्राप्त हुए और अध्यक्ष पद की कुर्सी भाजपा ने भारी मतों से जीत प्राप्त की. उसके पश्चात दोपहर 03 बजे से उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई. भाजपा के द्वारा उपाध्यक्ष पद के लिए क्षेत्र क्रमांक 20 के निर्वाचित जनपद सदस्य हीराराम वर्मा को प्रत्याशी बनाया गया तो कांग्रेस की ओर से क्षेत्र क्रमांक 24 से निर्वाचित जनपद सदस्य मनहरण सिन्हा को उपाध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल किया गया. मतदान के बाद उपाध्यक्ष पद पर भाजपा के प्रत्याशी हीराराम वर्मा को 18 मत प्राप्त कर भाजपा उपाध्यक्ष पद अपनी झोली में डालकर परचम लहरा दिया तो दूसरी ओर कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद के दावेदार मनहरण सिन्हा को मात्र 07 मतो से ही संतोष करना पड़ा. जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर सुबह से भाजपा के अंदर भारी गहमागहमी का माहौल दिखाई दिया.

रेंगाकठेरा में सरपंच उनिता गणेश साहू सहित पंचों ने ली शपथ

राजनांदगांव, 06 मार्च। परदेशी सोनबोईर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी तिलई मंडल के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा नवनिर्वाचित सरपंच उनिता गणेश साहू एवं पंच गणों शपथ ग्रहण संपन्न हुआ।श्री सोनबोईर ने नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचगणों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए 5 साल प्रेम पूर्वक ग्रामविकास के लक्ष्य लेकर सेवा भाव से करने के लिए मार्गदर्शन दिए जन सेवा ही प्रभु सेवा । हमें वार्ड की समस्या रखेंगे और उनका समाधान सर्वसहमति के आधार उचित समय करने की सलाह दी । गांव की अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं लाभ का दिलाना जनता की समस्या सुन हल करना सच्चे जनप्रतिनिधि का कर्तव्व होता है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर बरसे कार्यकर्ता

- बागी चुनाव लड़ने वाले पर कार्रवाई की मांग
- ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के निवास पर हुई बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया, 06 मार्च। जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने कांग्रेस छोड़कर एक अलग दल बनाकर जनपद का चुनाव लड़ा, जहां उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा । इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी की भागीदारी निभाने पहुंचे जिला कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बागी चुनाव लड़ने वाले पर कार्यवाही की मांग को लेकर बिफर पड़े ।

जनपद चुनाव को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागवत साहू के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पंकज बाधव, एवं चुनाव प्रभारी बिरेन्द्र बोरकर छुरिया पहुंचे थे,जहां उन्हें अजीबो हालात से गुजरना पड़ा । उनके कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने एक तरह से कांग्रेस पार्टी का बायकाट कर दिया । उनके बुलावे को ठुकराकर अलग दल बनाकर अपने दमखम पर जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ा। इधर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के समक्ष ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन के निज निवास पर पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू एवं ब्लाक कांग्रेस के कार्यकारिणी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा के पास जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ बागी होकर चुनाव लड़ने वाले चुम्मन साहू एवं नगर पंचायत के चुनाव में अध्यक्ष एवं पार्षद पदों पर कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ता बिफर पड़े।

हालात ऐसे हो गए कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष को सफाई देना पड़ गया। अंत में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन की अनुशंसा पर 8 कांग्रेस के बागियों की सूची जिलाध्यक्ष को कार्यवाही करने सौंपा गया। इस दौरान बैठक में नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी मनोज सिन्हा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, सतीश पटेल, तरूण सिन्हा शेखर मंडलोई, शकील कुरैशी, राम साहू, अब्दुल खान, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कृषक उन्नति योजना में किसानों के बैंक खाते में 1617 करोड़ 38 लाख 53 हजार रुपए अंतरित

- माइक्रो एटीएम से किसानों ने 4 करोड़ 21 लाख 74 हजार रुपए की राशि का किया आहरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 06 मार्च। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की गई। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राजनांदगांव जिले के 96 धान उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 33 हजार 16 पंजीकृत किसानों से 701488.36 टन समर्थन मूल्य में धान खरीदी की गई और 1617 करोड़ 38 लाख 53 हजार रूपए का भुगतान किसानों के बैंक खाते में अंतरित किया गया। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी से किसानों को बहुत फायदा हुआ है, जिससे किसानों में बहुत खुशी एवं उत्साह है। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में पंजीकृत किसानों की संख्या में 4947 किसानों की वृद्धि हुई है, जिससे पता चलता है कि खेती-किसानी में युवाओं तथा लोगों का रूझान बढ़ा रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों की संख्या 1 लाख 28 हजार 69 थी।

टैक्सी ड्राइवर कोर्स के लिए पंजीयन 20 मार्च को

राजनांदगांव 06 मार्च। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पेण्ड्री राजनांदगांव में पंजीकृत व्यवसाय सेक्टर-ऑटोमोबाईल के टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक हितग्राही 20 मार्च 2025 तक शासकीय आईटीआई राजनांदगांव में पंजीयन करा सकते हैं। इस योजना में टैक्सी ड्राईविंग एवं मरम्मत संबंधी प्रशिक्षण दिया जाना है।

समाचार संक्षेप

एनएसएस विशेष शिविर का समापन

राजनांदगांव 06 मार्च। पंडित किशोरी लाल शुक्ला उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र पेण्ड्री राजनांदगांव द्वारा ग्राम बरगा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन पौधरोपण सह विशेष संवाद के साथ संपन्न किया गया। समापन समारोह में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. उमेश देशमुख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की शिक्षिका पूजा सिन्हा ने की। इस अवसर पर सरपंच श्री विनोद कुमार कंवर, श्री जागेश्वर और प्रधानपाठक प्रदुमन कुमार साहू उपस्थित थे। अधिष्ठाता डॉ. उमेश देशमुख ने कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल सेवा और नेतृत्व कौशल विकसित करने में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मेधा शाहा ने स्वयंसेवकों से अपेक्षा जताई कि शिविर में सीखे गए अनुशासन का लाभ परिवार, समाज और राष्ट्र को मिले। शिविर में 101 स्वयंसेवियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश को प्रसारित कर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये गए। ग्रामीणों को पौधरोपण के महत्व, जल संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण पर जागरूक किया गया। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किये और गांव के विकास में युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया।

- ग्रामीणों को पौधरोपण के महत्व, जल और जैव विविधता के संरक्षण के लिए किया गया जागरूक

स्वास्थ्य विभाग ने शहर में संचालित गैर लाइसेंस क्लीनिक एवं दवाखानों में दी दबिश

राजनांदगांव 05 मार्च। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज जिले के नर्सिंग होम एक्ट की टीम द्वारा शहर में संचालित गैर लाइसेंस क्लीनिकों एवं दवाखाना में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं निर्देश तथा नर्सिंग होम एक्ट का पालन न करने पर क्लीनिक एवं दवाखाना बंद करने की चेतावनी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री नेतराम नवरतन, जिला नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट, औषधी निरीक्षक एवं टीम द्वारा आरोग्यम सुपरस्पेशिलिटि क्लीनिक सतनाम भवन के पास नया बस स्टैंड, श्री राजेश लारिया (नवागांव), माँ परमेश्वरी दवाखाना मोतिपुर आजाद चौक श्री एलसी देवांगन, शर्मा क्लीनिक बसंतपुर श्री शैलेष शर्मा, आस्था क्लीनिक बसंतपुर श्री चन्द्रेश साहू, आर्शीवाद डेंटल क्लीनिक बसंतपुर डॉ. केयूरा जैन, होमोपैथिक क्लीनिक बसंतपुर डॉ. विशाल गंगवानी की जांच की गई। जांच के दौरान संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दी गई। वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर छत्तीसगढ़ नर्सिंग होम एक्ट के तहत क्लीनिक एवं दवाखाना बंद करने की कार्रवाई की जाएगी।

प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने महापौर मीनल चौबे को दी बधाई

रायपुर, 06 मार्च। आज रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती मीनल चैबे से मिलकर प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री संजय एड़े सहित पदाधिकारियों ने बुके प्रदत्त करते हुए प्रथम नागरिक महापौर पद का कार्यभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनायें दीं। अध्यक्ष ने संघ की प्रमुख मांगों के संबंध में अवगत कराते हुए प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगर निगम से सीधा वेतन भुगतान करने, 4000 रू. श्रम सम्मान निधि प्रदान करने सहित अन्य प्रमुख मांगो के संबंध में महापौर से चर्चा की गई। जिस पर महापौर श्रीमती चैबे ने संघ की मांगो को पूरा करवाने के प्रति आष्वस्त किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी पवन चवरगुवाल, देवेन्द्र साहू, गिरधारी साहू, मनीष तिवारी, गुलषन ताम्रकार, हेमंत फरिकार, रवि साहू, भोला साहू, ललित साहू, शबाना बेगम, नीलू शर्मा, रीता राव, शकुन हरपाल, संजना हरपाल, सावित्री उपस्थित थे।

अवमानक व मिथ्याछाप खाद्य सामग्री पाए जाने पर लगाया गया जुर्माना

राजनांदगांव 06 मार्च। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी राजनांदगांव ने अवमानक व मिथ्याछाप खाद्य प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले मेसर्स एवन स्वीट्स राका तहसील डोंगरगढ़ के संचालक श्री मजहर खान के उपर 50 हजार रूपए और मेसर्स अशोका रेस्टोरेन्ट एण्ड लॉज कालका पारा डोंगरगढ़ के उपर 25 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजनांदगांव ने विभिन्न खाद्य सामग्रियों जैसे दाल फ्राई, सब्जी, पनीर, खोवा, मिनी पेड़ा, मावा मिठाई आदि सामग्रियों को आशंका के आधार पर संग्रहित कर गुणवत्ता जांच हेतु राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था जो कि जांच उपरांत नमूने अवमानक एवं मिथ्याछाप पाये जाने पर प्रकरण तैयार कर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रकरण सुनवाई पश्चात दोषी पाये गये मेसर्स एवन स्वीस्ट राका तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के संचालक श्री मजहर खान ग्राम राका तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के प्रकरण पारित आदेश अनुसार श्री प्रसाद इलायची दाना (पैक्ड) का सेम्पल जांच में अवमानक एवं मिथ्याछाप पाये जाने के कारण 50 हजार रूपए का जुर्माना (अर्थदंड) लगाया गया है। इसी तरह एक अन्य मेसर्स अशोका रेस्टोरेन्ट एण्ड लॉज, कालका पारा डोंगरगढ़ के संचालक श्री मतीन अहमद के प्रकरण पारित आदेश अनुसार कुक्ड बॉयल्ड अरहर दाल (खुला) का सेम्पल जांच में अवमानक पाये जाने के कारण 25 हजार रूपए अर्थदंड लगाया गया।

एकला चलों की जिद ने कराई कांग्रेस की फजीहत, प्रत्याशी तक उतार नहीं पाई कांग्रेस

छुरिया जनपद में खिला कमल, संजय सिन्हा बने अध्यक्ष

छुरिया, 06 मार्च। राजनांदगांव जिले के सबसे बड़े विकासखण्ड छुरिया में जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद में भाजपा का खिला कमल। अध्यक्ष पद पर भाजपा के महामंत्री संजय सिन्हा एवं उपाध्यक्ष पद पर प्रशांत ठाकुर ने धमाकेदार विजयश्री हासिल कर जनपद पंचायत के चुनाव में भाजपा ने अपना वर्चस्व कायम रखा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का चुनाव 5 मार्च को संपन्न हुआ। जहां जनपद पंचायत क्षेत्र के 25 जनपद सदस्यों ने पीठासीन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी एवं सहायक पीठासीन अधिकारी जनपद सीईओ होरीलाल साहू के समक्ष नामांकन पत्र प्राप्त कर भाजपा से मण्डल महामंत्री एवं जनपद सदस्य संजय सिन्हा ने अध्यक्ष पद पर और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा से एम.डी.ठाकुर के सुपुत्र जनपद सदस्य प्रशांत ठाकुर ने नामांकन दाखिल किया । वहीं इस चुनाव में भाजपा समर्थित जनपद उपाध्यक्ष एकांत चन्द्राकर ने भाजपा से पल्ला झाड़कर छह जनपद सदस्यों से हाथ मिलाकर उनके समर्थन में जनपद अध्यक्ष का चुनाव लड़ा । वहीं इसी दल से सीमा यादव ने जनपद उपाध्यक्ष के लिए नामांकन फार्म दाखिल किया। पीठासीन अधिकारियों के समक्ष जनपद अध्यक्ष पद पर संजय सिन्हा को 11 मत मिले,वहीं भाजपा के बागी एकांत चन्द्राकर को 8 मत प्राप्त हुए इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित प्रशांत ठाकुर को 14 मत मिले और सीमा यादव को 11 मत प्राप्त हुए। इस तरह जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का कमल खिला । दोनों सीटों पर जीत होने पर भाजपाईयों में खुशी की लहर उमड़ पड़ी। फटाखे, आतिशबाजी के साथ नगर में अभिनंदन जुलुस भी निकाला गया।

भाजपा की रणनीति काम आई

जनपद पंचायत चुनाव में भाजपा अधिकृत 19 प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए थे। वहीं कांग्रेस पार्टी ने इस चुनाव में अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की थी। चुनाव के दिन भाजपा के जनपद उपाध्यक्ष एकांत चन्द्राकर ने संगठन की तरफ से अधिकृत अध्यक्ष पद पर उनके नाम की घोषणा नहीं किए जाने से खफा होकर उन्होंने अपना पाला बदल दिया और छह जनपद सदस्यों के साथ सांठगांठ कर उनके साथ जनपद अध्यक्ष का चुनाव लड़ा। इस चुनाव में कुमर्दा मण्डल के चार अन्य जनपद सदस्यों का उन्हें भरपूर साथ मिला। इस तरह उनकी संख्या बल 11 हो गई। इसलिए वे जीत के प्रति आश्वस्त थे। उनकी हर गतिविधियों पर भाजपा जिलाध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत एवं चुनाव पर्यवेक्षक रामजी भारती, चंद्रिका डड़सेना, एम.डी.ठाकुर, चुनाव संयोजक जगजीत सिंह भाटिया, एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष कान्ता साहू, अजय पटेल, सुरेन्द्र सिंह भाटिया ने इस स्थिति को भांप लिया था।

संपादकीय

जो देश चाहता था वही किया हमारे खिलाड़ियों ने

कई बार ऐसा होता है कि देश जैसा चाहता है हमारे खिलाड़ी वैसा नहीं कर पाते हैं, देश के लोगों को इससे बड़ी निराशा होती है। देश के लोगों में बहुत गुस्सा होता है, वह खिलाडियों पर नाराज होते हैं कि जब जीत सबसे ज्यादा जरूरी होती है,तब ही वह हार जाते है और देश के करोड़ों लोगों को बहुत निराश करते हैं। कई बार ऐसा भी होता है देश जैसा चाहता है,हमारे खिलाड़ी ठीक वैसा ही करते हैं और तब देश के करोड़ो लोगों की खुशी देखते ही बनती है, पूरा देश अपने देश के खिलाडियों पर गर्व करता है, उनको अपने सिर पर बिठा लेता है। उसके लिए खिलाड़ी सुपर हीरो हो जाते है। इस बार चैपियन ट्राफी में खिलाड़ियों ने दो बार देश ने जैसा चाहा वैसा किया। इस बार चैंपियन ट्राफी में भारत शुरू से ही चैंपियन की तरह खेला, उसने जितने मैच खेले, एक भी नहीं हारा।उसने बांग्लादेश को पहले मैच में ६ विकेट से हराया, उसके बाद भारत व पाकिस्तान के मैच में भी भारत ने पाकिस्तान को ६ विकेट से हराया।भारत व पाकिस्तान के बीच हुआ मैच देशवासियों के लिए फाइनल से ज्यादा रोमांचक होता है, भारत के लोग चाहते हैं कि भारत किसी से भी हार जाए,उसे पाकिस्तान से उसे नहीं हारना चाहिए। इस बार भी देश के लोग चाहते थे कि भारत को पाकिस्तान को हराना चाहिए और अपनी श्रेष्ठता साबित करनी चाहिए। देश के लोगों ने चाहा कि भारत पाकिस्तान को हराए और भारत ने पाकिस्तान को हरा कर देशवासियों का दिल जीत लिया। पूरे देश में पाकिस्तान को हराने का जश्न मनाया गया। तीसरा मैच भारत ने न्यूजीलैंड को ४४ रन से हराकर अपने ग्रुप में अपराजित रहा। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला तय हुआ तो हर भारतीय यही सोच रहा था कि अब आया है मौका विश्वकप के फाइनल में हार का बदला चुकाने का। हर भारतीय की इच्छा थी कि भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से विश्वकप का हार का ऐसा बदला ले कि आस्ट्रेलिया याद रखे, उसे भारत ने हराया था और वह उस हार के कारण स्पर्धा से ही बाहर हो गया था। देश के लोग जैसा चाहते थे, पूरी टीम ने एकजुट होकर वैसा ही किया। हम भारतीयों की आदत है कि हम अपने हर खिलाड़ी से हमेशा कुछ ज्यादा ही उम्मीद करते हैं हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी हमेशा अच्छा खेलें, हर मैच जीते लेकिन कई बार ऐसा नहीं हो पाता है क्योंकि सभी खिलाड़ी हर सबसे कठिन समय में अच्छा नहीं खेल पाता है,वह दवाब में आकर अपना बेस्ट नहीं दे पाता है। हम भारतीयों की खुशकिस्मती है कि हमारी टीम एक खिलाड़ी तो हमेशा ऐसा होता जिसे हम सुपर हीरो मानते हैं यानी जीत की उम्मीद उसी से ज्यादा की जाती है। यानी भारतीय टीम को दूसरी टीम के बनाए रनों का पीछा कर जीतना है तो हम उम्मीद करते हैं कि हमारे पास जब तक यह खिलाड़ी है हम रनों का पीछा करते हुए हार नहीं सकते। पहले हमारे पास सुनील गावस्कर हुआ करते थे, वह मैच जिता नहीं पाते थे लेकिन भारत को हारने भी नहीं देते थे, वह अच्छा खेलकर भारत का हारने से बचा लेते थे।सुनील गावस्कर गए तो हमारे पास सचिन तेंदुलकर थे, उन्होंने भारत को बहुत सारे मैच जिताए और पहली बार देश को इस बात का भरोसा दिलाया कि हम मैच जीत भी सकते हैं। सचिन के बाद विराट कोहली देश को मिले और अब तो टीम के साथ ही देश के लोगों को जीत की आदत हो गई है कि कोहली है और रन चेज करना है तो हमें रन चेज करके मैच जीतने का भरोसा भी रहता है। इस बार मौका बदला लेने का था और कोहली भी फार्म में आ गए थे तो पूरा देश जीत चाहता था और खिलाड़ी भी ऐसा करना चाहते थे इसलिए आस्ट्रेलिया से भारत को हार का बदला लेने में कोई दिक्कत नहीं हुआ।टास जीतकर आस्ट्रेलिया ने पहले बैंटिग करते हुए ४९.३ ओवर में २६४ रन बनाकर भाजपा को मैच जीतने की चुनौती दी।आस्ट्रेलिया और ज्यादा रन भी बना सकता था क्यों कि आस्ट्रेलिया ने ३५ ओवर में चार विकेट पर १८६ रन बना लिए थे,उसके पास पंद्रह ओवर थे और छह विकेट थे। वह आराम से सौ सवा सौ बना सकता लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की और आस्ट्रेलिया १५ ओवर में ७८ रन ही बना सका।शमी ने तीन विकेट,वरुण ने दो और जडेजा ने दो और कुलदीप,हार्दिक व अक्षर ने एक एक विकेट लेकर आस्ट्रेलिया को तीन सौ के पहले ही रोक दिया। हमारे गेंदबाजों ने तो अपना काम कर दिया अब बारी हमारे बल्लेबाजों की थी। हमारे खिलाड़ियों ने आस्ट्रेलिया से ज्यादा अच्छी बैंटिंग की। रोहित शर्मा ने २८ रन बनाकर अच्छी शुरूआत दी. शुभमन गिल ८ रन बनाकर आउट हो गए। इसके बात आए विराट कोहली ने पिच पर अपना खूंटा गाड़ दिया कि आज तो आस्ट्रेलिया को हराना है और वह एक तरफ रुके रहे और रन बनाते रहे और दूसरों को भी रन तेजी से रन बनाने के लिए प्रेरित करते रहे।कोहली जब आउट हुए तो भारत को जीत का भरोसा हो गया था और हार्दिक, राहुल आदि ने जीत की औपचारिकता पूरी की।कोहली ने जीत का आधारशिला अय्यर के साथ ९१ रन,अक्षर पटेल के साथ ४४ व राहुल के साथ ४७ रन बनाकर रख दी थी।यही नहीं सिंगल रन भी आस्ट्रेलिया से ज्यादा बनाकर बता दिया कि जब भारतीय खिलाड़ी जीत की ठान लेते हैं तो उसे कोई नहीं रोक सकता। बताया जाता है कि इस मैदान में आस्ट्रेलिया ने अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था और भारत ने उसका पीछा करते हुए जीत कर नया रिकार्ड बनाया है। इस जीत के साथ भारत ४ लगातार आईसीसी टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचने वाला देश बन गया है भारत,२०२३ में डब्लयूटीसी,२०२३ वनडे विश्व कप,२०२४ टी २० विश्वकप और अब चैंपियन ट्राफी के फाइनल में।भारत अब तक दो बार चैंपियन ट्राफी जीत चुका है, इस बार वह ट्राफी जीतता है तो यह तीसरी बार होगा।

राजनीति | ललित गर्ग

नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो

पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके।

ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में ह्यमादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षाह्न पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार?ह्न सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में ह्यड्रग्स-फ्री इंडियाह्न अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं

पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूंबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। पंजाब सरकार की ताजा सख्त कार्रवाई का संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है।

पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब ह्यनशीले पदार्थों की राजनीतिह्न के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। प्रदेश की मौजूदा सरकार ने भी सत्ता संभालते ही दो साल के अंदर ड्रग्स का खात्मा करने का एलान किया था, लेकिन जो हालात आज से दो साल पहले थे, वह जस के तस बने हुए हैं। इससे प्रतीत होता है कि सरकार एवं ड्रग्स माफिया का चोली दामन का संबंध है। जिससे समय के साथ प्रदेश में ड्रग्स का चलन बढ़ा है। प्रदेश में हेरोइन, अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशों के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है। अकेले एसटीएफ ने पंजाब भर में अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर 2 करोड़ 68 लाख 77 हजार 596 कैप्सूल व नशीली दवाइयां पकड़ी हैं। कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन ज्यादातर फरीदकोट, बठिंडा और पटियाला क्षेत्र में बढ़ा है। पूर्व सरकारों ने जो दावे किए वे प्रभावहीन ही रहे हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर नासूर बनती इस समस्या को जड़मूल से समाप्त करने के लिये कमर कसे। वैसे नशे को समाप्त करने के महत्वाकांक्षी युद्ध में आप सरकार विजयी होती है तो यह उसकी बड़ी सफलता होगी।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपका उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा. स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रह सकते हैं. व्यापार-व्यवसाय में नुकसान का सामना करना पड़ सकता है. विरोधी वर्ग सक्रिय होंगे. परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं. पत्नी से वाद विवाद हो सकता है.

वृषभ- आज आप अपने स्वास्थ्य में गिरावट महसूस करेंगे. किसी विशेष बात को लेकर आप आज मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं. व्यापार-व्यवसाय में कोई नया कार्य आज शुरू न करें. व्यापार में कोई बड़ा जोखिम न उठाएं. परिवार में पत्नी से मतभेद हो सकते हैं. भाई भतीजे से किसी बात को लेकर विवाद बन सकता है.

मिथुन- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा. कोई रुका हुआ पुराना काम आज पूरा होगा. स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव दिखाई पड़ेगा. व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. कोई नया कार्य आज आप शुरू कर सकते हैं. परिवार में मांगलिक कार्य का योग बनेगा. आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं.

कर्क- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा. किसी धार्मिक यात्रा आदि पर जा सकते हैं. कोई व्यक्ति विशेष से मिलना होगा, जिससे आगामी समय में लाभ के योग बनेंगे. आप व्यापार-व्यवसाय में कोई नया काम शुरू कर सकते हैं. कोई बड़ी डील या पार्टनरशिप आज आपको मिल सकती है. परिवार में अपनों का सहयोग मिलेगा. मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी.

सिंह- आज आप किसी पुराने मित्र से मिल सकते हैं, जिस कारण मन प्रसन्न रहेगा. स्वास्थ्य को लेकर परिवार में कुछ परेशानियां महसूस होंगी. व्यापार-व्यवसाय में सहयोगी लोगों से वाद विवाद हो सकता है, जिस कारण व्यापार में नुकसान के चांस है. परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं. वाहन आदि के प्रयोग में सावधानी बरतें.

कन्या- आज का दिन आपका अच्छा रहने वाला है. सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे. स्वास्थ्य में लाभ प्राप्त होगा. किसी अपने से मिलना होगा. परिवार में कोई सुख समाचार प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय में रुका हुआ कार्य पूर्ण हो सकता है. कोई नया काम आज आप शुरू कर सकते हैं. परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे. आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं.

तुला- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा. आप नौकरी आदि के लिए प्रयास कर रहे हैं, तो आज आपको सफलता मिलेगी. स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा संभलकर रहें. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. परिवार में कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा. आप किसी विशेष कार्य का शुभारंभ आज कर सकते हैं. कार्यक्षेत्र में पत्नी से मतभेद दूर होंगे.

वृश्चिक- आज आपका कहीं अपने परिवार के साथ बाहर जाना हो सकता है. परिवार के लोगों के साथ आज का समय अच्छा बीतेगा. आज कोई बड़े काम का ऑफर आपको मिल सकता है, जिस कारण घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा. नौकरी आदि में अधिकारी वर्क का सहयोग मिलेगा. परिवार में कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा.

धनु- आज आप कोई बड़ा काम शुरू न करें. नहीं तो हानि उठाना पड़ सकती है. विशेषकर कर्ज से बचें. स्वास्थ्य को लेकर कुछ समस्याएं उत्पन्न होंगी. पत्नी का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. व्यापार में सहयोगी लोगों के साथ छोड़ने से धन हानि होगी. परिवार में कोई नया मेहमान आएगा.

मकर- आज आप कोई नया वाहन खरीद सकते हैं. साथ ही स्वास्थ्य में आज आपको लाभ महसूस होगा. व्यापार-व्यवसाय में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा. आपको कोई बड़ा काम कार्यक्षेत्र में आज मिल सकता है. नौकरी वर्ग वालों को पदोन्नति मिल सकती है. परिवार में माहौल शानदार रहेगा. आप परिवार के लोगों के साथ बाहर कहीं जा सकते हैं.

कुंभ- आज का दिन आपके लिए शुभ सूचक होगा. परिवार में पुत्र आदि का जॉब लग सकती है. कोई सुखद समाचार आज आपको मिलेगा. स्वास्थ्य में कुछ नरमी रहेगी. परिवार में मांगलिक कार्य का योग बनेगा. साथ ही मित्र और परिवार के लोगों का आर्थिक सहयोग आज आपको मिल सकता है. कोई नया वाहन और भवन खरीद सकते हैं.

मीन- आज आप ससुराल पक्ष से आर्थिक मदद प्राप्त कर सकते हैं. पत्नी से मतभेद दूर होंगे. साथी कोई नई खुशखबरी आपको मिल सकती है. परिवार में माहौल आपके पक्ष में रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में कोई नई कार्ययोजना आज बन सकती है. न्यायालय पक्ष में विजय होगी. घर में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे कोई नया वाहन खरीद सकते हैं.

सरकारी दफ्तर की गहरी चाय

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

सुबह के नौ बजे थे। सरकारी दफ्तर में हलचल शुरू हो चुकी थी, या कहें कि आलस्य ने अंगड़ाई ले ली थी। बाबूजी अपनी कुर्सी पर ऐसे विराजमान थे जैसे सम्राट अपने सिंहासन पर। पान चबाते हुए उन्होंने घड़ी पर नजर डाली और निश्चिंत होकर एक लंबी अंगड़ाई ली। साहब अभी नहीं आए हैं, आप थोड़ी देर प्रतीक्षा करें, यह संवाद सरकारी कार्यालयों की शाश्वत आत्मा है। फाइलों की मोटाई देखकर अनुमान लगाया जा सकता था कि वे वर्षों से सो रही हैं और आज भी उठने के मूड में नहीं हैं। बाहर बैठे रामलाल जी, जो पिछले तीन सालों से अपनी पेंशन के लिए चक्कर काट रहे थे, खंखार कर बोले, बेटा, एक चाय तो पिला दो, तब तक सरकार जाग जाए। सरकारी दफ्तरों में चाय महज एक पेय नहीं, बल्कि एक प्रक्रिया है। यह निर्णय लेने, टालने, और फाइलें दबाने का प्रमुख अनुष्ठान है। चाय वाले गुप्ता जी की दुकान पर सजीव बहस चल रही थी– देश बदल रहा है! लेकिन बाबूजी नहीं बदल रहे! चाय का कप उठाते ही बहस और तीखी हो जाती, जैसे इसमें अदरक के साथ-साथ क्रांति भी पड़ी हो। उधर अंदर, बाबूजी की टेबल पर एक अर्जी धरी थी, जिस पर धूल इतनी मोटी थी कि अगर उसे झाड़ दिया जाए तो उसमें से इतिहास की धारा निकल आए। सर, यह फाइल चार महीने से पड़ी है। क्लर्क ने साहब से कहा। साहब ने अपनी मूंछों पर ताव देते हुए उत्तर दिया, इतिहास बनते समय जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। लोकतंत्र में हर चीज अपनी गति से चलती है, बस यह मत पूछो कि किसकी गति से। पीछे खड़े चपरासी ने धीरे से कान में कहा, सर, फाइल के साथ मिठाई भी आई है। साहब ने चश्मा ऊपर किया और बोले, अब समझ आया कि यह फाइल इतनी तेजी से क्यों दौड़ रही है! रामलाल जी की उम्मीदें सरकारी मशीनरी से भिड़ रही थीं। वह बोले, बेटा, मैं तीन साल से इस पेंशन के लिए चक्कर काट रहा हूँ। मेरी उम्र अब दौड़ने की नहीं रही। बाबूजी ने दार्शनिक अंदाज में कहा, संयम रखिए काका, पेंशन मिलनी तय है, लेकिन कौन-सी पीढ़ी को मिलेगी, यह कहना मुश्किल है। फिर अचानक मुस्कुराए, चलिए, चाय पीते हैं, सोचते हैं। चाय आई, और चाय के साथ एक नई बहस, यह जो सरकार है न...

सरकारी दफ्तरों की फाइलें कभी रिटायर नहीं होतीं, केवल कर्मचारियों की आत्मा ही हार मानती है। जैसे ही रामलाल जी ने फिर से निवेदन किया, बाबूजी ने कान खुजलाते हुए कहा, देखिए, चीजें अपने समय पर होती हैं। आपने सुना नहीं, सावधानी हटी, दुर्घटना घटी! रामलाल जी निराश होकर बोले, और मैं कहता हूँ, चाय हटी, काम अटका! पूरे दफ्तर में ठहाके गूंज गए। बाबूजी बोले, बिल्कुल सही! चलो, एक और चाय मंगाते हैं। इसी बीच, एक युवक आया, चेहरे पर जोश था। उसने ऊँची आवाज में कहा, सर, मेरे आवेदन का क्या हुआ? बाबूजी ने उसे ऊपर से नीचे तक देखा और बोले, नौजवान, धैर्य रखो! सब्र का फल मीठा होता है। और वैसे भी, सरकारी काम का फल जितना देर से मिलता है, उतना ही लजीज लगता है! युवक भड़कते हुए बोला, लेकिन सर, मैं तीन महीने से आ रहा हूँ! बाबूजी हंसे, बस! तीन महीने? अरे, रामलाल जी तीन साल से चक्कर लगा रहे हैं, और देखो कितने स्वस्थ हैं!

युवक ने गहरी सांस ली और फाइल पर जमी धूल को झाड़ते हुए कहा, सर, क्या यह अर्जी मेरे जीते-जी पूरी होगी? बाबूजी ने गंभीरता से कहा, युवक, जीवन एक संघर्ष है, और सरकारी प्रक्रिया एक तपस्या। जो इसे समझ गया, वह निर्वाण को प्राप्त कर सकता है। पास बैठे चपरासी ने हंसते हुए कहा, सर, इसका मतलब यह हुआ कि यहाँ नौकरी करना भी एक योग साधना है? बाबूजी बोले, बिल्कुल! और चाय इसका प्रसाद है! रामलाल जी के चेहरे पर एक अजीब-सी हँसी थी। उन्होंने बाबूजी की तरफ देखा और बोले, सर, आप सही कह रहे हैं। यह सरकारी दफ्तर नहीं, धैर्य की पाठशाला है। बाबूजी मुस्कुराए और बोले, बिल्कुल सही पकड़े हैं! अब अगली बार आएं तो मिठाई लेते आएं, ताकि फाइल और तेजी से सरके। रामलाल जी हंसे, फिर तो मेरा पोता ही आएगा, क्योंकि मेरा समय चाय पीने में ही निकल जाएगा! पूरे दफ्तर में ठहाके गूंज उठे, और चाय का एक और दौर शुरू हो गया।

विश्लेषण

महिलाओं में वित्तीय जागरूकता पिछले वर्ष की तुलना में 42 पर्सेंट बढ़ी

किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ ह्रदय से स्वीकार करती है कि, भारत में महिलाओं को मान सम्मान पूश परख व अनेक शासकीय योजनाओं में प्राथमिकता से दर्जा मिलता है जिसका आभास लेडीज फर्स्ट के एक तरह के प्रोटोकॉल से ही होता चला आ रहा है। अभी 8 मार्च 2023 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भी आ रहा है। एक और हम देखते हैं कि आज के युग में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे निकल रही है, जिसका सटीक उदाहरण हम पढ़ाई में फर्स्ट से लेकर महिला कामकाजी पेशवारों में भी आज महिलाएं अग्रणी है, इसलिए हीआज हर जॉब में कंपनियों द्वारा महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है, तो दूसरी ओर निजी क्षेत्र में भी महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है। मेरा मानना है कि उनमें जवाबदारी, जिम्मेदारी की सजता होना व हर काम को सीरियसली लेने का एक अभूतपूर्व गुण होता है। आज हम इस विषय पर बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आज दिनांक 3 मार्च 2025 को देर शाम नीति आयोग ने उधारकताओं से निर्माणकताओं, तक भारत के वित्तीय विकास की कहानी में महिलाओं की भूमिका पर एक रिपोर्ट जारी की गई, जिसमें महिलाओं में वित्तीय जागरूकता पिछले वर्ष की तुलना में 42 पर्सेंट बढ़ी है इत्यादि अनेक सकारात्मक बातें महिलाओं के पक्ष में बताई गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत की आर्थिक वृद्धि व प्रगति में महिला कामकाजी पेशेवरों की प्रतिभा समर्पण उत्साह व मेहनत का सराहनीय योगदान रहा है।

साथियों बात अगर हम 3 मार्च 2025 को देर शाम नीति आयोग द्वारा महिलाओं के वित्तीय क्षेत्र में उपलब्धियों सहयोग की रिपोर्टिंग जारी करने की करें तो,नीति आयोग ने आज उधारकताओं से निर्माणकताओं तकःभारत की वित्तीय विकास की कहानी में महिलाओं की भूमिका शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। नीति आयोग के सीईओ द्वारा जारी की गई रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में अधिक महिलाएं ऋण लेना चाहती हैं और सक्रिय रूप से वे अपने क्रेडिट स्कोर की निगरानी कर रही हैं। दिसंबर 2024 तक, 27 मिलियन महिलाएं अपने क्रेडिट की निगरानी कर रही थीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 42 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है और ये बढ़ती वित्तीय जागरूकता का संकेत देता है।इस रिपोर्ट कोट्रांसयूनियन सीआईबीआईएल, नीति आयोग के महिला उद्यमिता मंच (डब्ल्यूईपी) और माइक्रोसेव कंसल्टिंग द्वारा प्रकाशित किया गया है। लॉन्च के दौरान, नीति आयोग के सीईओ ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने में वित्त तक पहुंच की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,सरकार मानती है कि वित्त तक पहुंच महिला उद्यमिता के लिए एक बुनियादी प्रवर्तक है। महिला उद्यमिता मंच(डब्ल्यूईपी) का एक समावेशी इको-सिस्टम बनाने की दिशा में काम करना जारी है, जो वित्तीय साक्षरता, ऋण तक पहुंच, परामर्श और बाजार लिंकेज को बढ़ावा देता है। हालांकि, न्यायसंगत वित्तीय पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। महिलाओं की जरूरतों के अनुरूप समावेशी उत्पादों को डिजाइन करने में वित्तीय संस्थानों की भूमिका साथही संरचनात्मक बाधाओं को संबोधित करने वाली नीतिगत पहलें, इस गति को बढ़ाने में सहायक होंगी। डब्ल्यूईपी के तत्वावधान में इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, फाइनेंसिंग वूमेन कोलैबोरेटिव (एफडब्ल्यूसी) का गठन किया गया है। हम चाहते हैं कि वित्तीय क्षेत्र के और अधिक हितधारक एफडब्ल्यूसी से जुड़ें और इस मिशन में अपना योगदान दें। नीति आयोग की प्रमुख आर्थिक सलाहकार और डब्ल्यूईपी की मिशन निदेशक ने कहाः महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करना भारत के कार्यबल में प्रवेश करने वाली महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने का एक तरीका है। यह समान आर्थिक विकास को गति देने के लिए एक व्यवहार्य रणनीति के रूप में भी काम करता है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने से 150 से 170 मिलियन लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं और साथ ही इससे श्रम बल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा मिल सकता है। रिपोर्ट उजागर करती है कि कुल स्व- निगरानी आधार में महिलाओं की हिस्सेदारी दिसंबर 2024 में बढ़कर 19.43 प्रतिशत हो गई, जो 2023 में 17.89 प्रतिशत थी। गैर-मेट्रो क्षेत्रों की महिलाएं, मेट्रो क्षेत्रों की तुलना में, अपने ऋण की सक्रिय रूप से स्वयं निगरानी कर रही हैं, गैर-मेट्रो क्षेत्रों में 48 प्रतिशत और मेट्रो क्षेत्रों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2024 में,महाराष्ट्र, तमिलनाडु कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में सभी स्व-निगरानी महिलाओं का 49 प्रतिशत हिस्सा होगा, जिसमें दक्षिणी क्षेत्र 10.2 मिलियन के साथ सबसे आगे है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित उत्तरी और मध्य राज्यों में पिछले पांच वर्षों में सक्रिय महिला उधार कताओं में सबसे अधिक चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) देखी गई। 2019 से, व्यवसाय ऋण उत्पत्ति में महिलाओं की हिस्सेदारी में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और गोल्ड लोन में उनकी हिस्सेदारी 6 प्रतिशत बढ़ी है,दिसंबर 2024 तक व्यवसाय उधारकताओं में महिलाओं की हिस्सेदारी 35 प्रतिशत थी। हालांकि, ऋण से बचने, खराब बैंकिंग अनुभव, ऋण तत्परता में बाधाएं और कलैटरल और गारंटर के साथ समस्याएं जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। बढ़ती ऋण जागरूकता और बेहतर स्कोर के साथ, वित्तीय संस्थानों के पास महिलाओं की अनूठी आवश्यकताओं के अनुरूप जैंडर-स्मार्ट वित्तीय उत्पाद पेश करने का अवसर है। साथियों बात अगर हम किसी राष्ट्र की प

एक नजर

10 दिवसीय फागुन मड़ई मेला कलश स्थापना के साथ प्रारंभ

दंतेवाड़ा, 06 मार्च। श्री दंतेश्वरी माई जी दंतेवाड़ा की प्रसिद्ध फागुन मड़ई (मेला) कलश स्थापना के साथ आज 05 मार्च 2025 से प्रारंभ हो गया है। दंतेश्वरी मंदिर के जिया ने प्रातः 11 बजे परम्परानुसार मेंडका डोबरा मैदान में स्थित गुड़ी में माई जी छत्तर की प्राण प्रतिष्ठा कर कलश की स्थापना की। इसके साथ ही जिया ने बताया कि शाम 4 बजे श्री नारायण मंदिर के लिए माई जी मंदिर से डोली निकलेगी साथ ही ताड़पलंगा धोनी की रस्म रात्रि 9 बजे विधि विधान से संपन्न की जावेगी। 05 मार्च से प्रथम दिवस कलश स्थापना के साथ दस दिवसीय मेला का शुभारंभ हो गया है। आमंत्रित देवी-देवताओं को भी सम्मान के साथ आसन ग्रहण कराया जायेगा। फागुन मेला 05 मार्च से 15 मार्च तक लगातार विभिन्न कार्यक्रम पूजा-पाठ के साथ सम्पन्न होगा। परम्परागत वाद्य यंत्रों की गूंज मंत्रोपचार के साथ ही सेवक पुजारी तथा मांझी चालकी इस अवसर पर उपस्थित थे।

जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में मनाया गया विश्व बधिरता दिवस

दंतेवाड़ा, 06 मार्च। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में विश्व बधिरता दिवस मनाया गया। जिसका उद्देश्य श्रवण हानि की रोकथाम और कान की देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर टेक्निकल असिस्टेंट ऑडियोमेट्रिक स्वाति साव ने बताया कि बच्चों में होने वाले श्रावण शक्ति की विशेष ध्यान रखने एवं काम में किसी प्रकार की लकड़ी या माचिस की तिल्ली का उपयोग न करें। ऐसा करने कान का पर्दा खराब होकर बहरापन हो सकता है। समय समय पर विशेषज्ञ से जांच करवाने की सलाह दी गई।इस अवसर पर आवासीय चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रियंका सक्सेना, जिला सलाहकार, मीडिया अधिकारी बी एस नेताम एवं ग्रामीण और जी एन एम एवं नर्सिंग केंद्र के छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।

आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा 23 अप्रैल को

दंतेवाड़ा, 06 मार्च। जिले में संचालित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जायेगा इस संबंध में पूर्व में आवेदन फार्म वितरण करने हेतु प्रारंभिक तिथि 10 मार्च 2025 से प्रारंभ होकर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2025 तक निर्धारित की गई है। और प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 23 अप्रैल 2025 समय प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस क्रम में आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रिक्त सीट के विवरण अनुसार कक्षा छठवीं में 35, नवमी 11, ग्यारहवीं में 10 सीट निर्धारित है।

बारसूर क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का सीईओ ने किया निरीक्षण

दंतेवाड़ा, 06 मार्च। आज जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा द्वारा बारसूर क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम प्रसिद्ध नागफनी मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यो को एक सप्ताह में प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि बारसूर में ही टूरिस्ट कॉटेज एवं जिपलाइन वर्क (बुढ़ा तालाब) निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा यही पर टूरिस्ट कॉटेज में पॉटरी वर्क, बम्बू आर्ट, वुडेन आर्ट जैसे विभिन्न कार्य निर्माणाधीन कार्य किए जा रहे है। इसे देखते हुए सीईओ द्वारा ट्राइबल थीम बेस्ड कॉटज के रूप में डेवलपमेंट करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम हीरानार में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के आवासों, कारली में आश्रय स्थल पद यात्री श्रद्धालु हेतु एवं बड़ेकारली में शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सिटी बस सेवा बंद होने से आम आदमी, छात्र-छात्राएं और महिलाएं परेशान

कोरबा 06 मार्च। कोरबा जिले में सिटी बस सेवा के बंद होने से आम आदमी, छात्र-छात्राएं और महिलाएं परेशान हैं। कोरोना काल से सिटी बसें बंद हैं, जिससे उपनगरी क्षेत्रों में यातायात की समस्या बढ़ गई है। कोरबा जिले के उपनगरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सिटी बस सेवा एक महत्वपूर्ण साधन थी। लेकिन अब यह सेवा बंद होने से लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कुछ सिटी बसें कबाड़ के रूप में बस स्टैंड में पड़ी हैं, जबकि कुछ निजी कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को लाने-ले जाने के लिए उपयोग की जा रही हैं। इससे उपनगरी क्षेत्रों के लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

छात्र-छात्राएं और महिलाएं प्राइवेट बसों और ऑटो का उपयोग करने को मजबूर हैं, जो मनमाने रेट वसूल रहे हैं। प्रशासन की ओर से इस समस्या का समाधान करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। कोरबा जिले के उपनगरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का कहना है कि सिटी बस सेवा के बंद होने से उनकी दैनिक गतिविधियों पर बड़ा प्रभाव पड़ रहा है। उन्हें अपने कामों के लिए अब प्राइवेट बसों और ऑटो का उपयोग करना पड़ रहा है, जो उनके लिए बड़ा बोझ है।इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। सिटी बस सेवा को फिर से शुरू करने और इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करने की जरूरत है। इससे उपनगरी क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और उनकी दैनिक गतिविधियों में सुधार होगा।

बकावण्ड, बस्तर एवं तोकापाल ब्लॉक में दवा खिलाना जारी

हाथी पांव से बचाने के लिए एक लाख 70 हजार लोगों को खिलाई गई दवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 06 मार्च। कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले के अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 27 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक विकासखण्ड बकावण्ड, बस्तर एवं तोकापाल में सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम करवाया जा रहा है, जिसमें 04 मार्च तक 170651 लोगों ने दवा का सेवन किया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल 445207 लोगों को दवा सेवन करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। फाईलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है जिसे हाथी पांव के नाम से जाना जाता है।

फाईलेरिया शरीर को दुर्बल, अपंग एवं कुरूप करने वाली एक बीमारी है। फाईलेरिया परजीवी संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में फैलता है।

संक्रमण के बाद 05 से 15 वर्ष में हाथीपांव, हाईड्रोसील सहित स्तन, हाथ में सूजन के रूप में दिखाई देता है। जिले के उक्त तीनों विकासखण्डों में कुल 857 टीम के द्वारा 03 मार्च से समुदाय स्तर पर घर-घर भ्रमण कर सामने दवा सेवन करवाया जा रहा है जो कि 10 मार्च तक किया जाएगा।

साथ ही उक्त विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल सहित मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में हाथी पांव से बचाव के लिए दवा का सेवन करवाया जा रहा है। सीएमएचओ द्वारा इन विकासखण्डों के सभी लोगों से अपील किया गया है कि हाथीपांव से बचने की दवा का अवश्य सेवन करें।

परीक्षाओं के मद्देनजर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम प्रभावशील, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध

जगदलपुर 06 मार्च। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री हरिस एस द्वारा विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन शिक्षा सत्र 2024-25 के अंतर्गत आयोजित वार्षिक परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों और परीक्षार्थियों के अध्ययन में व्यवधान उत्पन्न नहीं हो, इसे मद्देनजर रखते हुए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत सम्पूर्ण बस्तर जिले में प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक अधिनियम की धारा 13 (1) में उल्लेखित अवसरों को छोड़कर अधिनियम की धारा 2 के अन्तर्गत परिभाषित कोलाहल एवं समस्त ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर आगामी आदेश तक के लिए प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश का उल्लंघन अधिनियम की धारा 15 के अधीन दण्डनीय होगा। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 2 घ की शक्तियों को प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 7 के प्रयोजन के लिये उपयुक्त अवसरों पर सीमित अवधि के लिए अनुज्ञा देने हेतु नगर दण्डाधिकारी जगदलपुर एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को उनके स्थानीय क्षेत्राधिकारिता के अन्तर्गत विहित प्राधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने हेतु सशक्त किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

धान खरीदी केन्द्रों में घोटाले का मामला विधानसभा में गूंजा

■ विधायक लखेश्वर बघेल ने उठाई जांच की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 06 मार्च। बस्तर विधानसभा क्षेत्र में धान खरीदी केंद्रों में हो रहे कथित घोटाले का मामला आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र-2025 में गूंजा बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार से तत्काल जांच की मांग की। विधानसभा में अपनी बात रखते हुए विधायक लखेश्वर बघेल ने आरोप लगाया कि बस्तर क्षेत्र के कई धान खरीदी केंद्रों में किसानों से सही तौल नहीं की जा रही है बिचौलियों द्वारा अनियमितताएँ की

जा रही हैं और फर्जी नामों से धान खरीदी के मामले सामने आ रहे हैं किसानों को उनके पसीने की सच्ची कीमत नहीं मिल रही है, जिससे वे आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं। बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने सरकार से मांग किया कि इन धान खरीदी केंद्रों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए यदि समय रहते इस घोटाले को नहीं रोका गया तो किसानों का सरकार से विश्वास उठ जाएगा। धान खरीदी में हो रही गड़बड़ियों को लेकर बस्तर के किसानों में भी भारी आक्रोश है किसानों ने आरोप लगाया कि कई खरीदी केंद्रों में तौल मशीनों में हेराफेरी कर कम वजन दिखाया जा रहा है, जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है कुछ किसानों ने यह भी शिकायत किया कि बिचौलियों के कारण वास्तविक किसानों को अपनी उपज बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बस्तर के किसानों ने विधायक लखेश्वर बघेल की इस पहल का समर्थन किया है और जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच की उम्मीद जताई है।

जगदलपुर के 10 परीक्षा केन्द्रों में 9 मार्च को होगी व्यापमं की प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 06 मार्च। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 09 मार्च 2025 को प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक जगदलपुर के 10 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 02 जगदलपुर, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 03 जगदलपुर, शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शांति नगर जगदलपुर, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक जगदलपुर, शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर, बाल विहार हायर सेकण्डरी स्कूल बालाजी वार्ड जगदलपुर, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल धरमपुरा स्पोर्ट्स काम्पलेक्स केम्पस धरमपुरा जगदलपुर, स्वामी विवेकानंद शासकीय एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल अग्रसेन चैक संजय मार्केट रोड जगदलपुर, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट हिन्दी मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल रेल्वे कालोनी जगदलपुर तथा धरमु माहरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक धरमपुरा नम्बर 02 जगदलपुर परीक्षा केन्द्रों पर उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी।

उपरोक्त परीक्षा में समस्त परीक्षार्थियों को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री गगन शर्मा मोबाइल नंबर 81038-17122 को नोडल अधिकारी तथा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री ब्रजभूषण देवांगन मोबाइल नंबर 98935-29655 को सहायक नोडल अधिकारी और प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अनिल श्रीवास्तव मोबाइल नंबर 98274-91253 को समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अजय सिंह ठाकुर को सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति सप्ताह का आयोजन

कोंडागांव, 06 मार्च। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग द्वारा 3 मार्च से लेकर 7 मार्च तक नारी शक्ति सप्ताह 2025 चलाया जा रहा है, जिसमें विभाग में कार्यरत

महिला कर्मचारियों एवं महिला डाकघर अभिकर्ताओ को उनके अमूल्य योगदान हेतु 6 मार्च को उपडाकघर कोंडागांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव आर एस मिश्रा जी के नेतृत्व में किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग आर पी वर्मा जी उपस्थित रहे जिन्होंने विभाग में कार्यरत महिला डाक अभिकर्ता श्रीमती निकिता मोदी, अंजू साहू, निशा गोलछा, संध्या आचार्या, अंकिता राव एवं महिला डाकघर कर्मचारी नम्रता बंधैया उपडाकपाल कोंडागांव नाका, मेघा ठाकुर, मोनिका पटेल, रानी साहू, हिमांशी, राधा कश्यप, नेहा मिश्रा, रश्मी मिथलेश, मुस्कान, अंजली बर्मन एवं फरसगांव से रूपोंतीन नाग पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

अमन नंदलाल मुडामि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अरविंद उपाध्यक्ष निर्वाचित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 6 मार्च। बुधवार को दंतेवाड़ा जिले के सभाकक्ष में जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन शांति पूर्ण संपन्न हुआ। जिसके तहत पीठासीन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे तथा सहायक पीठासीन अधिकारी एवं पंचायत उप संचालक श्री मिथिलेश किसान के द्वारा बताया गया की अध्यक्ष पद हेतु 2 अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रस्तुत किया था। जिसमें दोनों सदस्य को 5-5 मत मिले थे। दोनों अभ्यर्थियों के मत समान होने के फलस्वरूप ''लॉट निकलकार'' अध्यक्ष का निर्वाचन किया गया।

जिसमें अध्यक्ष पद हेतु अमन नंदलाल मुड़ामी निर्वाचित हुए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद हेतु 2 सदस्य ने नामांकन डाला था। जिसमें अरविन्द कुंजाम को 6 मत मिले और सोमारु कड़ती को 4 मत मिले तथा अरविन्द कुंजाम 6 मतों से उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।भाजपा दंतेवाड़ा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी,विधायक चैतराम अटामी एवं जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने पुष्पगुच्छ पहनाकर स्वागत किया। भाजपा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रचंड जीत पर कहा की विष्णुदेव साय सरकार के सुशाशन,मोदी जी की गैरंटी एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओ के परिश्रम से भाजपा की दंतेवाड़ा समेत पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक विजय हुई है,जनता ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ कर दिया जिसका मुख्य कारण पिछले भूपेश सरकार के पांच वर्षो में भ्रष्टाचार और वायदाखिलाफी है भाजपा के कार्यकर्ता आगामी चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट गए है।

निराशाजनक बजट, सुकमा को फिर से झुनझुना: नाग

■ देना था 500 में सिलेंडर , दे दी मदिरा में छूट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 06 मार्च। राजेश नाग ने छत्तीसगढ़ के बजट को दिशाहीन व निराशाजनक सहित जिले के लिए फिर से झुनझुना बताया है। उन्होने कहा है कि बजट से समाज के सभी वर्गों में घोर निराशा है। सिर्फ जुमला पत्र तैयार किया गया है, प्रदेश के साथ साथ सुकमा जिले को भी इस बार फिर से झुनझुना ही दिया, ट्रिपल इंजन वाली सरकार द्वारा इसमें मोदी की गारंटी को पूरा करने का कोई संकल्प नजर नहीं आता। बजट केवल वित्त मंत्री की जुमलेबाजी तक सीमित हो गए है। मंत्री द्वारा पिछले साल बजट में

ज्ञान (त्रङ्घह्) की डींगे हांकी गई थी। एक साल बाद गरीब, युवा, किसान अन्नदाता व नारी का सम्मान जिक्र करने की बजाय गति की बात कही जा रही है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी को बताना चाहिए की पिछले बजट की कौन सी बात कितनी लागू की गई है?

जब दिल्ली का चुनाव था तो भाजपाई केंद्र सरकार के बजट का बखान करते घूम रहे थे, केंद्र के बजट में जिस मिडिल क्लास को सब्जबाग दिखाया गया था, उसके सामने हकीकत अब आ रही है। मंहगाई का उल्लेख करने से भाजपा के लोग कतरा रहे हैं। आम जनता रोज जिस मंहगाई से पिस रही है उस पर मरहम रखने में राज्य का बजट नाकाम साबित हुआ है। गृहणियों को 500 रुपये का गैस सिलेंडर देने का वादा जुमला साबित हुआ है। छत्तीसगढ़ का बजट कर्मचारियों के लिए भी निराशाजनक साबित हुआ है। उनकी मांगों की अनदेखी की गई है। राजेश नाग ने कहा है कि सुकमा जिले के लोगों ने बजट से जो उम्मीदें लगाई थीं उससे निराशा ही हाथ लगी है। सत्ता मिलने से पहले भाजपा जिस गांव, गरीब और किसान की बात करते थे, वे सब भाजपा को जान गए हैं कि यह जुमला फेंकने के अलावा कुछ नहीं करती है। सुकमा जिला अस्पताल को स्पेशलिस्ट बनाना चाहिए था जो वर्तमान में रिफर सेंटर बना है विशेषज्ञ डाक्टरो की भर्ती होनी चाहिए,जिला अस्पताल सुकमा दवाईयां की कमी से जूझ रहा है अतिसंवेदनशील क्षेत्र के तर्ज पर सर्वसुविधायुक्त बनाना चाहिए। यहां पर स्कूलों की छत की अति आवश्यकता है आज भी कुछ जगहों पर बच्चे झोपडियो में पढ़ने को मजबूर हैं। शिक्षकों की अति आवश्यकता है जिससे बच्चों का शिक्षा में असर पड़ रहा है। सुकमा जैसे क्षेत्र जो अतिसंवेदनशील माना जाता है स्थानीय युवाओं और युवतियां को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए।

समाचार संक्षेप

मडोनार के आगे सड़क दुर्घटना का मंत्री केदार कश्यप ने लिया संज्ञान

दंतेवाड़ा 6 मार्च। बीते दिनों दिनांक 05 मार्च को रात्रि में नारायणपुर जिले के ग्राम मडोनार के आगे नाला के पास एक ट्रैक्टर वाहन अनियंत्रित हो कर पलट गई। जिसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हुए तीन लोगों

की मौका स्थल पर मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते हुए वनमंत्री एवं प्रभारी मंत्री दंतेवाड़ा केदार कश्यप ने स्थानीय प्रशासन से बातचीत कर तत्काल सहायता करने और घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। मंत्री के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कलेक्टर प्रतिष्ठा और एडीएम पंचभाई के द्वारा एसडीएम अभिजीत को सहायता के लिए भेजा गया। मंत्री केदार कश्यप ने कहा है घायलों का उचित प्रकार से देखरेख किया जा रहा है। गौरतलब है की हादसा के दौरान ट्रैक्टर में 16 की संख्या में महिला/पुरुष और बच्चे बैठे हुए थे, जो ग्राम ओरछा से सोसायटी (PDS) का चावल (राशन) लेकर ग्राम तोयामेटा, कावानार, मुसनार, के ग्रामीण बैठे कर जा रहे थे। जिसमें 02 पुरुष और 01 महिला की दुर्घटना में मौत हो गई एवं 05 महिला , 06पुरुष एवं 01 बच्ची घायल है । जिनका रेस्क्यू कर 03 डेडबॉडी और 12 घायलों को छोटेडोंगर प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र लाया जा चुका है । घायलों का ईलाज जारी है।

जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती और उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी चुने गए

जगदलपुर 06 मार्च। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन में निर्वाचित होने के उपरांत बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया किया गया। दोनों पदों के लिए नाम निर्देशन पत्र भरा गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए एक नामांकन दाखिल होने पर निर्धारित समय अवधि के उपरांत श्रीमती वेदवती कश्यप को जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र पीठासीन अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन ने प्रदान किया। इसके उपरांत उपाध्यक्ष पद के लिए के लिए निर्वाचन किया गया, जिसमें बलदेव मंडावी विजयी घोषित किए गए। इस अवसर पर निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य गण, उप संचालक पंचायत श्री बीरेन्द्र बहादुर, मास्टर ट्रेनर श्री जीवन शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

व्यापमं परीक्षा: कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं को आवेदन आनलाइन भरवाने के निर्देश

जगदलपुर 06 मार्च। कलेक्टर श्री हरिस एस के द्वारा जिले के अन्तर्गत कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को व्यापमं द्वारा ली जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं का फार्म आनलाईन माध्यम से प्रतिपूरित करवाने के निर्देश दिए गए हैं। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राचार्यों एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर आवश्यक पहल सुनिश्चित करने कहा गया है। व्यापमं की परीक्षाओं के लिए आधार कार्ड, अभ्यर्थियों का फोटो, 10 वीं एवं 11 वीं की अंकसूची एवं हस्ताक्षर अपलोड किया जाना है। इसकी पूर्व तैयारी कर सभी छात्र-छात्राओं से छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा पीईटी, पीएटी, पीपीटी, पीपीएचटी, पीव्हीपीटी, डीएलएड एवं नर्सिंग हेतु ली जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं का विज्ञापन जारी होते ही फार्म भरवाया जाए। साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसकी अंतिम तिथि 07 मार्च 2025 निर्धारित है। इसका भी फार्म भरवाकर सूची ज्ञानगुड़ी के प्रभारी श्री अलेक्जेंडर चेरियन मोबाईल नम्बर 94064-80100 को उपलब्ध कराया जाए। व्यापमं की परीक्षा के लिए आवेदित छात्र-छात्राओं को ब्लाक मुख्यालय एवं ज्ञानगुड़ी में कोचिंग देने की व्यवस्था किया जाएगा।

8 मार्च को पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन

जगदलपुर 06 मार्च। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 8 मार्च 2025 दिन शनिवार को सम्पूर्ण देश में इस वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु माननीय श्री विजय कुमार होता, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायालय दंतेवाड़ा सुकमा, बीजापुर एवं बचेली न्यायालय के लिए कुल 8 खंडपीठ का गठन किया गया हैं। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी प्रकरण, तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग नगर पालिका परिषद में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री.लिटिगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएंगे। जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खण्ड पीठ में निराकृत किए जाएंगे। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा के द्वारा पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत को सफल बनाएं। नेशनल लोक अदालत के संबंध में और अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय दंतेवाड़ा में आकर संपर्क कर सकते हैं।

ठगों से सावधान रहने जिला प्रशासन ने किया सचेत

सुकमा, 06 मार्च। एकलव्य विद्यालयों हेतु शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों हेतु संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए थे, जिसके नियुक्ति पत्र 18.01.2025 को जारी किये जा चुके हैं। भर्ती पूर्णतः अस्थायी है एवं शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए ही है। प्रायः यह देखने में आ रहा है कि नियुक्ति आदेश प्रसारित होने के पश्चात भी जिले की वेबसाइट पर पात्रता एवं अपात्रता सूची के आधार पर कुछ असामाजिक एवं अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा कमी प्रदीप कभी अमन साहू तो

■ एकलव्य आदर्श विद्यालय में भर्ती के नाम से पैसे की माँग

कभी अन्य नामों से आवेदकों को फर्जी कॉल कर गुमराह किया जा रहा है। जिन आवेदकों को नियुक्ति आदेश प्राप्त नहीं हुआ है उन्हें नियुक्ति आदेश जारी कराये जाने का झाँसा दिया जा रहा है तथा जिनके नियुक्ति आदेश जारी हो चुके हैं उन्हे सेवा में स्थाई करने का प्रलोभन देकर ऑनलाइन राशि हस्तांतरित करने की बात कही जा रही है। आवेदकों को यह भी कहा जा रहा है कि राशि हस्तांतरित होते ही नियुक्ति आदेश जारी कर दिया जायेगा। पूर्व में 19.02.2025 को आवेदकों को फर्जी कॉल एवं अनावश्यक प्रलोभन से बचने हेतु समाचार पत्र में प्रकाशन कराया जा चुका है किन्तु तथाकथित असामाजिक तत्वों द्वारा अपनी आदत से बाज न आते हुए लगातार आवेदकों को फर्जी कॉल कर अपने भ्रम जाल में फाँसकर फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करने की बात कही जा रही है। अतः आवेदकों को पुनः सचेत किया जाता है कि भर्ती के नाम से किसी भी अनजान व्यक्ति को राशि हस्तांतरित करने से बचें। जिला प्रशासन सुकमा के द्वारा किसी भी आवेदक को फ़ोन कॉल नहीं किया जाता है और न ही किसी प्रकार का नियुक्ति आदेश जारी करना शेष है।

एक नजर

जनपदों में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी हुई

रायगढ़, 6 मार्च। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले के सभी जनपदों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत रायगढ़ में जनपद अध्यक्ष-श्रीमती सुजाता चौहान एवं उपाध्यक्ष-श्री रामश्याम डनसेना निर्वाचित हुए। इसी तरह जनपद पंचायत पुसौर में अध्यक्ष-श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान एवं उपाध्यक्ष-श्रीमती खीरमति हेमप्रसाद चौहान, जनपद पंचायत घरघोड़ा में अध्यक्ष-श्री सहनू पैंकरा एवं उपाध्यक्ष-श्री संजय अग्रवाल, जनपद पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष-श्रीमती लीनव राठिया एवं उपाध्यक्ष-श्री शिशु शशि, जनपद पंचायत लैलूंगा में अध्यक्ष-ज्योति भगत एवं उपाध्यक्ष-श्री मनोज कुमार अग्रवाल, जनपद पंचायत तमनार में अध्यक्ष-श्री जगेश्वर सिदार एवं उपाध्यक्ष-श्रीमती गायत्री शत्रुघन बेहरा एवं जनपद पंचायत खरसिया में अध्यक्ष-श्रीमती रामकुमारी राठिया एवं उपाध्यक्ष-डॉ.हितेश गबेल निर्वाचित हुए।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

महासमुंद 6 मार्च । प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) वर्ष 2024-25 के लिए खाद्य पदार्थ कंपनी जैसे राईस मिल, दाल मिल, आटा/बेसन/मैदा निर्माण, मसाला, बेकरी उत्पाद, दूध उत्पाद, पापड़, बड़ी, मिक्सचर, अचार, सॉस, जैम, जेली, हाथी गुड़, चॉकलेट, कन्फेक्शनरी आदि के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के तहत नई इकाईयों के साथ-साथ पहले स्थापित इकाईयों के विस्तार या मंथन के लिए भी पात्रता की आवश्यकता होगी। साथ ही योजना के तहत व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिंक्ड पूंजीगत अनुदान अधिकतम 10 लाख तक की पात्रता होगी। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना चाहिए।

इकाई स्थापना के लिए व्यक्तिगत योजना की वेबसाइट https://pmfme.mofpi.gov.in/pmfme/ü/login में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी या सहायता के लिए, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद बीटीआई रोड, इंदिरा गांधी महिला जिम के सामने, पंचवटी विहार से या मोबाइल नंबर 7587724731 एवं 7987379574 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

जिला खनिज संस्थान न्यास की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक 11 मार्च को

महासमुंद 6 मार्च । जिला खनिज संस्थान न्यास की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में 11 मार्च 2025 को अपराह्न 4:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। यह बैठक जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 के अध्याय-तीन, नियम 14 के तहत आयोजित की जा रही है, जिसमें न्यास के कार्यों के प्रबंधन एवं वार्षिक कार्य योजना 2025-26 को तैयार करने पर विचार किया जाएगा। साथ ही, न्यास नियमों में प्रावधानित शक्तियों एवं कृत्यों के सम्पादन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा होगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्यों को नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

महासमुंद 6 मार्च । पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित 'राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिला प्रकोष्ठ एवं विकासखंड स्तर पर संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिसमें क्षेत्रीय समन्वयक के रिक्त 5 पदों (अनारक्षित-02, अ.जा.-01, अ.ज.जा-01, अ.पि.व-01) एवं लेखा सह एम.आई.एस. सहायक के रिक्त 4 पदों (अनारक्षित-02, अ.ज.जा-01, अ.पि.व-01) पर संविदा भर्ती की जाएगी। क्षेत्रीय समन्वयक के लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक उत्तीर्ण एवं कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट तथा ग्रामीण विकास योजनाओं में गरीबी उन्मूलन/आजीविका विकास परियोजनाओं में 1 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। इसी तरह लेखा सह एम.आई.एस. सहायक के लिए शैक्षणिक योग्यता वाणिज्य विषय में स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा/टेली सर्टिफिकेट तथा लेखा कार्य में 2 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी 20 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रारूप में रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालयीन समय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत महासमुंद के पते पर भेजना अनिवार्य है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं दिशा-निर्देश महासमुंद जिले की आधिकारिक वेबसाइट https://mahasamund.gov.in अथवा जिला पंचायत महासमुंद के सूचना पटल पर उपलब्ध हैं।

उसूर ब्लाक को पहली बार मिली जिला पंचायत की कमान

पामेड क्षेत्र से जीती भाजपा समर्थित जानकी कोरसा निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष चुनी गईं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आवापल्ली, 6 मार्च। जिला पंचायत के संपन्न हुए चुनाव मे पहली बार उसूर ब्लाक को जिला पंचायत अध्यक्ष की सौगात. मिली है और तीसरी बार जीत कर आई श्रीमती जानकी कोरसा को यह जिम्मेदारी पार्टी ने सौपी है शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय से उसूर क्षेत्र मे भारी खुशी का माहौल है सभी लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि अब सर्वाधिक पिछड़े अंचल में विकास की गति बढ़ेगी यहां बतादे जिले का ये क्षेत्र अत्यंत पिछडा हुआ है तथा इसकी सीमा तेलंगाना से लगी हुई हैं आने जाने की सुविधा नहीं थी लेकिन अब जगह जगह सी आर पी एफ के केंप खुल जाने से ना केवल नकसली आतंक कम हुआ है बल्कि ग्रामीणो को अब आने जाने की सुविधा मिल रही है सुरक्षा मे तैनात जवानों के प्रयासों से अब यहां पामेड जाने की सुविधा भी शुरू हो गई है।

यहां यह बताना भी जरूरी कि जवानों के प्रयास से पिछले दिनों पामेड के लिए बस सुविधा भी शुरू की गई है इससें पामेड इलाके के लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है पहले इस क्षेत्र के.लोगों को पामेड जाने के लिए भोपालपटनम होते हुए तेलंगाना जाकर वहां से वेंकटापुरम होते हुए पामेड आना पड़ता था लेकिन अब इससे मुक्ति मिल गई है जिसका पूरा श्रेय जवानों को जाता है जिन्होंने सुरक्षा के साथ साथ नागरिक सुविधा का ध्यान रख कर लगातार ग्रामीणों के साथ तालमेल कर उनकी जरूरतों का भी ख्याल रखते हुए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई है इसी के साथ ही अब इस क्षेत्र के लोगो को नव

बीजापुर, 6 मार्च। जिला पंचायत बीजापुर के आज हुए अध्यक्ष के.चुनावदी मे पामेड क्षेत्र से जीती भाजपा समर्थित उम्मीदवार जानकी कोरसा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुई है अपनी जीत के साथ ही जानकी कोरसा ने पूर्व मंत्री महेश गागडा से आशीर्वाद लिया इस जीत से पार्टी कार्यकर्तो मे खुशी की लहर दौड़ गई है तथा बधाई दी जा रही है तथा एक.दूसरे का मुंह मीठा किया जा रहा है यहाँ बतादे जिला पंचायत में भाजपा सात सीट जीत कर बहुमत में है अपनी जीत के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए जानकी कोरसा ने कहा कि हमारे क्षेत्र मेंकाफी समस्या है खासकर लोगों के पास जमीन का पट्टा नहीं है राशन कार्ड नहीं है ये काम में प्राथमिक से करूंगी और जिला विकास में जो भी मेरी भूमिका रहेगी उसे में अवश्य पूरी करूंगी

निवार्चित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा से काफी उम्मीदे है।

डीएमएफ मद से होने वाली भर्ती में स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देने की मांग

भोपालपटनम,6 मार्च। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला कलेक्टर श्रीमान सांबित मिश्रा जी एवं जिलाध्यक्ष घासीराम नाग जी से मिलकर स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के सुचारू संचालन हेतु स्वीकृत रिक्त पदों के विरुद्ध यदि निकट भविष्य में कलेक्टर दर पर या डीएमएफ मद से भर्ती की जाती है तो उक्त भर्ती प्रक्रिया में बीजापुर जिले के स्थानीय योग्यताधारी बेरोजगारों को प्राथमिकता देते हुए मानव संसाधनों की पूर्ति किए जाने की मांग की। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व जिला चिकित्सालय में कार्यरत लगभग दस स्टॉफ नर्सों को बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त कर उनके स्थान पर एनएचएम की भर्ती में से प्रतीक्षा सूची से बाहरी जिले के अभ्यर्थियों सहित कुल 10 नर्सों की सीधे डीएमएफ मद से भर्ती कर ली गई। जिसका कि एनएचएम की भर्ती नियमावली में जिक्र भी नही किया गया था। बीजापुर के पड़ोसी जिला दंतेवाड़ा में भी जिले के कलेक्टर महोदय के अनुमोदन उपरांत डीएमएफ मद से की गई भर्ती प्रक्रिया में केवल दंतेवाड़ा जिले की यही स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देते हुए भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। दंतेवाडा जिले की तर्ज पर बीजापुर जिले में भी स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत होने वाली तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में जिले के स्थानीय योग्यताधारी बेरोजगारों को प्राथमिकता देते हुए भर्ती करने की माँग संघ द्वारा की गई। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष सदाशिव दुर्गम सहित, स्टॉफ नर्स प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ब्रिजेश गावड़ी, मुकेश पटेल, पी शरद, राजेश यालम, शरण कोड़े, प्रभा कावटी, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

मद्देड क्षेत्र से निवार्चित जिला पंचायत सदस्य पेरे पुलैया बने जिला उपाध्यक्ष

बीजापुर,6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अध्यक्ष चुनाव के बाद मद्देड क्षेत्र से निर्वाचित भाजपा के पेरे पुलैया भी जिला पंचायत. उपाध्यक्ष निवार्चित हो गये है चुनाव. संपन्न होने के बाद अध्यक्ष उपाध्यक्ष कि नगर में विजयी जुलूस. निकाला गया और आतिश बाजी की गई इस दौरान दोनों निवार्चित पदाधिकारीयो ने आमजनता का आभार जताया विदित हो त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे इस बार 10 जिला पंचायत सदस्यों मे भाजपा समर्थित सात सदस्य चुन कर आये है इस तरह बहुमत के आधार पर दोनों पद भाजपा की खाते में गए है।

कक्षा 10 वीं अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न

रायगढ़, 6 मार्च। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2025 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 5 मार्च को अंग्रेजी (द्वितीय भाषा)विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 12 हजार 497 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 12 हजार 001 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 496 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर किसानों के नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाने की साजिश: विनोद चंद्राकर

महासमुंद,6 मार्च। पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि राज्य में जब-जब भाजपा की सरकार बनी है, किसानों को परेशान करने का काम किया गया है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों सहित महासमुंद जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल में भी यही होता रहा। किसानों को रबी फसल लेने से रोकने, उनका मनोबल गिराने तथा उन्हें परेशान करने की नीयत से भाजपा सरकार यह कृत्य करती है। रमन सरकार के नक्शे कदम पर अब भाजपा की साय सरकार चल रही है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि बजाए सिंचाई सुविधाओं के विस्तार करने भाजपा सरकार किसानों को नलकूप खनन, फसल सिंचाई के लिए स्वयं के साधनों से भी वंचित करना चाहता है। किसान नलकूप खनन न कर सके इसलिए सरकार ने यह साजिश रची है। एक तरफ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ओड़िशा के किसानों से खरीफ धान फसल सहित रबी फसल को भी 3100 रु. में खरीदने का वादा कर आते हैं। वहीं, अपने राज्य के किसानों को रबी सीजन में धान फसल लेने पर जुर्माना लगाने तथा उन्हें हतोत्साहित करने तरह-तरह आदेश पारित करवाते हैं। सरकार के कृत्यों से यह स्पष्ट हो रहा है कि आगामी 5 साल यह सरकार किसानों को अनेक प्रकार से परेशान करने का काम करेगी। श्री चंद्राकर ने कहा कि यह किसानों का अधिकार है कि वह अपने खेत में कौन सी फसल लेते हैं, उन्हें अपनी भूमि पर नलकूप खनन के अधिकार से रोका नहीं जा सकता।

श्री चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों के हजारों करोड़ रूपए कृषि ऋण माफ किए गए थे। इसके अलावा सिंचाई कर के रूप में 350 करोड़ रूपए भी माफ हुए थे। कांग्रेस कार्यकाल में किसानों को कभी रबी फसल लेने या नलकूप खनन करने से नहीं रोका गया।

कुम्हारी नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण किया

दुर्ग, 6 मार्च । नगर पालिका परिषद् कुम्हारी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज शासकीय प्राथमिक शाला, बाजार चौक, वार्ड क्रमांक 07, कुम्हारी में आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव एवं विशिष्ट अतिथि विधायक श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व संसदीय सचिव श्री सियाराम साहू उपस्थित थे। एसडीएम श्री महेश राजपूत ने अध्यक्ष और पार्षदों को शपथ दिलाई। महापौर के शपथ ग्रहण पश्चात् 6-6 के ग्रुप में कुल 24 पार्षदों ने शपथ ली।

समारोह में नगर पालिका परिषद् कुम्हारी की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने सभी अतिथियों और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने नगर के विकास और समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

महिलाओं को बच्चों एवं महिलाओं के अधिकारों के प्रति किया जा रहा है जागरूक

बीजापुर,6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में बालिकाओ की शिक्षा स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण पर जागरूकता फैलाने हेतु जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पंचायत स्तर पर महिलाओं व स्व सहायता समूह एवं स्कूल के बच्चों को महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसाओं की जानकारी दिया जा रहा है इस अभियान में बीजादूतीर स्वयं सेवक द्वारा भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दिया जा रहा है कि ऐसा विवाह जिसमें वर 21 वर्ष से कम और वधु 18 वर्ष से कम अवस्यक हो तो उसे बाल विवाह माना जायेगा। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है जिसके कारण सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक हो सकते है। इन कारणों पर विचार विमर्श करके इस समस्या को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है और एक साकारात्मक वातावरण तैयार करना आवश्यक है। बच्चों से होने वाले दुर्व्यव्हार बालश्रम, सड़क पर रहने वाले बच्चों को लैगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम हेतु सजग रहने की जानकारी एवं बच्चों को नशे से दूर रखने की समझाइश दी जा रही है। इस दौरान सभी व्यक्तियों को चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, महिला हेल्पलाईन 181 के संबंध में जागरूक किया जा रहा है अभियान के दौरान साइबर क्राईम और एक युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत बच्चो को जागरूक किया जा रहा है नागरिको को बाल श्रम अधियिम की जानकारी देते हुए 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर कर उन्हें शिक्षा दिलाने की ओर अग्रसर करने को कहा गया, अगर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों, होटल एवं ढॉबों, घरेलू कामगार, ईंट भटटी, खपरैल निर्माण, घर निर्माण कार्य और गैरेज में काम करवाये जाने वाले लोगों पर बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अंतर्गत 06 माह से 03 वर्ष तक का कारावास या 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है, महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, महिलाओं का अनैतिक व्यापार की जानकारी दिया जा रहा है इस दौरान प्रचार-प्रसार श्री राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती शीला भारद्वाज जिला महिला संरक्षण अधिकारी, श्री नवीन मिश्रा संस्थागत देखरेख संरक्षण अधिकारी, श्री गणेश्वर झाडी गैर संस्थागत देखरेख संरक्षण अधिकारी, सुश्री आनंदमई मल्लिक विधिक सह परीविक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक सूची शुक्ला, केन्द्र प्रशासक श्रीमती सुनिता तामडी एवं श्री संदीप चिडेम, श्री राजकुमार निषाद सामाजिक कार्यकर्ता, श्री राजेश मडे आउटरीच वर्कर द्वारा किया जा रहा है।

थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गुण्डेम में मोबाइल सेवा प्रारंभ

बीजापुर,6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला बीजापुर के थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गुण्डेम के ग्रामीणों को मिली सौगात, जिओ का मोबाइल टॉवर हुआ प्रारंभ, संचार सुविधा का मिला ग्रामीणों को लाभ।जिला बीजापुर के सुदूर ग्राम गुण्डेम, छुटवाई के ग्रामीणों को संचार सुविधा का लाभ मिलेगा। छ.ग. शासन के ÷नियद नेल्ला नार÷ योजना एवं केंद्र की ÷यू एस ओ एफ÷ योजना के तहत दिनांक 04/03/2025 को ग्राम गुण्डेम में मोबाइल टावर की सुविधा शुरू की गई है। मोबाइल टावर की स्थापना से ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो गया है, साथ ही मजबूत नेटवर्क एवं इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण अंचल के पढ़ने वाले छात्रों तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इससे लाभ मिलेगा। दिनांक 16/12/2024 को केन्द्रीय गृहमंत्री माननीय श्री अमित शाह के जिला बीजापुर गुण्डेम प्रवास के दौरान ग्रामीणों, जवानों एवं कर्मचारियों के द्वारा क्षेत्र में संचार व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु ग्राम गुण्डेम में मोबाईल टावर स्थापित किये जाने की मांग की गई थी।

बैठक में सड़क दुर्घटना रोकने पर दिया जोर

बीजापुर,6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सड़क दुर्घटना को रोकने सड़क दुर्घटना से मृत्यु में कमी लाने के लिए व्यापक जनजागरूकता जरूरी है। इस ओर नियम विरूद्ध वाहन चालन करने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर नियमानुसार कार्यवाही किया जाए इस दिशा में संबंधित विभागों द्वारा समन्वित रूप में प्रयास किया जाए उक्त निर्देश सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप ने जिला कार्यालय में आयोजित संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति के बैठक में दिए। वहीं एक वर्ष के भीतर हुए सड़क दुर्घटना के कारणों सहित यातायात नियमों के पालन लाईसेंस बनवाने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा।बैठक में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एडिशनल एसपी श्री चन्द्रकांत गवर्ना, जिला परिवहन अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

डेंगू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाईजरी

रायगढ़, 6 मार्च। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत डेंगू बीमारी के रोकथाम एवं बचाव हेतु जिले के समस्त विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है। जिसमें बताया गया है कि डेंगू बीमारी एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है।डेंगू के लक्षण-अचानक तेज सिरदर्द व तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द होना, आँखों के पीछे में दर्द होना, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक व मुंह से खुन आना, त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि है।बचाव के उपाय-डेंगू मच्छर से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखना चाहिए, नालीयों में जला हुआ मोबिल, मिट्टी तेल का छिड़काव करें। हमेशा फुल आस्तीन के वस्त्र पहनना चाहिए, रात को सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करना चाहिए, कुलर में स्थिर पड़े हुए पानी का निस्कासन, टायर, नारियल खोल इत्यादि में ठहरे हुए पानी को खाली करना चाहिए।

किरण नरेटी जिला पंचायत अध्यक्ष और ताराबती ठाकुर उपाध्यक्ष निर्वाचित

कांकेर, 6 मार्च । त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के अंतर्गत जिला पंचायत कांकेर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन कार्यक्रम आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में सम्मिलन सम्पन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत के सभी 13 निर्वाचित सदस्यों में से अध्यक्ष पद हेतु श्रीमती किरण नरेटी और श्रीमती झरना ध्रुव ने नामांकन फॉर्म भरा, जिसमें सभी सदस्यों के द्वारा किए गए वोट के आधार पर श्रीमती किरण को 10 और श्रीमती झरना को 03 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार श्रीमती किरण नरेटी को बहुमत के आधार पर जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित मानते हुए उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदाय किया गया। इसी प्रकार जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेतु श्रीमती ताराबती ठाकुर और श्रीमती सुलोचना मेश्राम ने नामांकन फॉर्म भरा था। वोटिंग के उपरांत श्रीमती ताराबती को 09 और श्रीमती सुलोचना को 04 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार बहुमत के आधार पर उपाध्यक्ष पद हेतु श्रीमती ताराबती ठाकुर को निर्वाचित कर उन्हें प्रमाण-पत्र दिया गया। उक्त निर्वाचन प्रक्रिया जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी, पीठासीन अधिकारी एवं एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा तथा सहायक पीठासीन अधिकारी एवं उप संचालक पंचायत श्री कमल सिदार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

उड़नदस्ता दल द्वारा 26 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

दुर्ग, 6 मार्च । माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी 10वीं परीक्षा 2025 के अंतर्गत 05 मार्च 2025 को आयोजित द्वितीय भाषा अंग्रेजी विषय पेपर के दौरान जिले के 05 उड़नदस्ता दल द्वारा 26 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी केन्द्र में अनुचित साधन का उपयोग नहीं पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार श्री अरविन्द कुमार मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा 06 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 141022 पाउवारा, 141014 पुरई, 141035 डुण्डेरा, 141015 मरोद टैंक, 141010 रिसाली, 141016 रूआबांधा शामिल है। श्री सीमा नायक प्रभारी अधिकारी दुर्ग द्वारा 08 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 141025 मचान्दुर, 141027 मतवारी, 141018 अण्डा, 141026 निकुम, 141054 तिरंगा, 141032 थनौद, 141034 अंजोरा (ख), 141033 रसमड़ा शामिल है। श्री गोविंद साव विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा 07 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 141038 महात्मा गांधी स्कूल, 142215 महावीर जैन, 141003 तिलक कन्या दुर्ग, 141081 तकियापारा, 142001 तुलाराम, 142062 सनसाइन स्कूल, 142010 खालसा पब्लिक स्कूल शामिल है।

लाख पालन एवं अग्नि सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

मोहला 6 मार्च । वन परिक्षेत्र मानपुर में वनमंडल स्तरीय लाख पालन एवं अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। वनमण्डलाधिकारी मोहला श्री दिनेश पटेल, उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी एवं वनमंडल के कर्मचारीगण के साथ ही वन प्रबंधन समिति दुलकी, कोराचा एवं पुगदा के लाख पालनकर्ता सदस्यगण उपस्थित थे। लाख पालन के संबंध में प्रशिक्षण देने हेतु कांकेर जिले के श्री नरेंद्र पटेल एवं श्री पुरुषोत्तम मंडावी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लाख पालन में श्रेष्ठ किसान एवं झारखंड के माननीय राज्यपाल द्वारा सम्मानित को आमंत्रित किया गया था। उप-वनमंडलाधिकारी मानपुर द्वारा कार्यशाला के संबंध में उदबोधन दिया गया। श्री नरेंद्र पटेल एवं श्री पुरुषोत्तम मंडावी द्वारा लाख पालन के संबंध में तकनीकी जानकारी दिया गया। लाख पालन को कृषकों के आमदनी का जरिया बनाने प्रेरित किया गया। इसके साथ ही बताया गया कि लाख पालन व्यक्तिक एकल व्यवसाय से ज्यादा क्लस्टर या ग्रुप फार्मिंग में ज्यादा सफल हो सकता है।लाख पालन के संबंध में वनमंडलाधिकारी श्री पटेल ने समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विभाग उनकी इस कार्य में क्या क्या मदद करेगा।

भाटापारा रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर में अब ऑनलाइन भुगतान शुरू

यात्रियों को चिल्हर की समस्या से मिलेगी मुक्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 6 मार्च। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से तीनो रेल मंडल में टिकटिंग प्रणाली में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिसके तहत अब भाटापारा स्टेशन पर भी यू टी एस काउंटर पर ऑन लाइन भुगतान की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है।इस सुविधा के चालू होने से आम रेल यात्रियों को चिल्हर पैसों की होने असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। डी आर यू सी सी रायपुर रेल मंडल के सदस्य राजेश शर्मा ने रेलवे की इस पहल का स्वागत करते हुए रेल यात्रियों से रेल टिकट कतार से बचने डिजिटल भुगतान सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

उपरोक्त संबंध में मिली जानकारी अनुसार बिलासपुर मुख्यालय से मिले निर्देश के बाद रायपुर रेल मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों के एक टिकट काउंटर को छोडकर अन्य टिकट काउंटरों पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा का प्रावधान किया गया है। इस पहल के तहत टिकट काउंटर में बैठे कर्मचारियों द्वारा हर संभव सहायता की जा रही है, यात्रियों को ऑन लाइन भुगतान के साथ ही एटीवीएम से टिकट लेने के प्रक्रियाओं, इससे होने वाली फ़ायदों तथा घर बैठे यूटीएस ऑन

मोबाइल ऐप माध्यम से टिकट लेने के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

इस पहल से यात्रियों को चिल्हर की समस्या, नकद लेन-देन की परेशानी से मुक्ति के साथ चिल्हर नहीं होने की स्थिति में ओवर चार्जिंग जैसी शिकायतों का समाधान तथा पारदर्शी टिकटिंग की सुविधा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फटिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें, इसी उद्देश्य से से रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है साथ ही क्यूआर कोड और यूपीआई आईडी के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है 7 रायपुर रेल मंडल सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने रेल यात्रियों से डिजिटल भुगतान को अपनाकर रेलवे की इस नवीन पहल का लाभ उठाने और रेलवे को अधिक स्मार्ट और सुविधाजनक बनाने सहयोग की अपील की है।

समाचार संक्षेप

नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को दिलाई गई पद व गोपनीयता की शपथ

सिमगा, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को दिलाया गया गोपनीयता की शपथ सिमगा बुधवार को नगर के सांस्कृतिक भवन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं 15 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पदाधिकारी ने अपने कर्तव्य निर्वहन की शपथ लिया समारोह के पश्चात नगर पालिका में उपाध्यक्ष चुनाव संपन्न हुआ जिसमें भाजपा के सुनकर समाज के वार्ड क्रमांक 15 से निर्वाचित पार्षद को अपना उपाध्यक्ष प्रत्याशी घोषित किया किसी अन्य पार्षद के द्वारा नामांकन नहीं भरे जाने के चलते वह लाइव विरोध उपाध्यक्ष चुने गए उनके उपाध्यक्ष चुने जाने पर सुनकर समाज के प्रतिनिधियों ने आभार प्रकट किया इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता सहित नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

बालोद, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जगतरा में स्थित वेयर हाउस गोदाम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत जिले के धान संग्रहण केन्द्रों से वेयर हाउस गोदाम में जमा किए जा रहे धान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को वेयर हाउस गोदाम के कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

एक नजर

शीतला मंदिर में सोमवार को होगा जुड़वास

चारामा, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। श्री श्री शीतला माता मंदिर में सोमवार 10 मार्च को जुड़वास कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में नगर के विभिन्न वार्डो में बच्चों एवं बडे बुजूर्गो में माता, का प्रकोप देखा जा रहा है जिसके शांति के लिए सोमवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जुडवास का कार्यक्रम रखा जा रहा है। वहीं होलिका दहन गुरूवार 13 मार्च को बाजार चैक में रात्रि 10 बजे किया जायेगा जिसके पश्चात् वहा से अग्नि ले जाकर नगर के अन्य जगहों पर होलिका दहन किया जाएगा तथा होलिका दहन के दूसरे दिन शुक्रवार 14 मार्च को नगर में होली पर्व का आयोजन किये जाने का निर्णय शीतला माता मंदिर समिति के द्वारा लिया गया है।

लोही महेश्वरी को प्रदान किया गया ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट

भाटापारा, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 4 मार्च को पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें भाटापारा सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉक्टर राजेंद्र महेश्वरी नाक कान गला रोग विशेषज्ञ एवं डॉ सुषमा महेश्वरी नेत्र रोग विशेषज्ञ की सुपुत्री डॉक्टर लोही महेश्वरी को ग्रेजुएशन पूर्ण होने पर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है उनकी इस सफलता पर परिजनों एवं नगर वीडियो में हर्ष व्याप्त है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा पर त्वरित अमल शुरू

मेला समिति के अध्यक्ष और कलेक्टर की उपस्थिति में गिरौदपुरी मेला परिसर में शेड निर्माण के लिए नाप-जोख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 6 मार्च। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित अमल शुरू कर दी गई है।गिरौदपुरी मेला समिति के अध्यक्ष धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब एवं कलेक्टर दीपक सोनी की उपस्थिति में बुधवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थायी शेड निर्माण के लिए नाप जोख किया गया।मेला समिति के अध्यक्ष धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण शेड निर्माण के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गिरौदपुरी मेला के शुभारम्भ अवसर पर 4 मार्च 2025 को गिरौदपुरी पहुंच कर गुरु गद्दी का दर्शन एवं पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियो की सुख समृद्धि के लिए कामना की थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गिरौदपुरी मेला की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने तथा मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थाई शेड निर्माण की घोषणा भी की। मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थायी शेड निर्माण होने से दंडवत प्रणाम करते हुए जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। शेड निर्माण होने से श्रद्धालुओं को बारिश व धूप से निजात मिलेगी। मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक करीब 1200 मीटर की दूरी तक स्थाई शेड निर्माण किया जाएगा।

ज्ञाताव्य है कि कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में इस वर्ष गिरौदपुरी मेले में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया है। इसके साथ ही पहली बार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक अस्थायी शेड का निर्माण भी किया गया है।

कलेक्टर ने खेत में जाकर धान के बदले लिए जा रहे अन्य फसल उत्पादन को देखा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 6 मार्च। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज अपने गुरूर विकासखण्ड के प्रवास के दौरान मिर्रीटोला पुरूर में किसानों के खेतों में पहुँचकर उनके द्वारा किए जा रहे धान के बदले अन्य फसलों के उत्पादन कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ ग्राम मिर्रीटोला पुरूर से किसानों के खेतों में पैदल चलकर खेती-किसानी का हालचाल जाना। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत ग्राम मिर्रीटोला के 22 किसानों के द्वारा सामुहिक रूप से ग्रीष्म कालीन धान के बदले अन्य फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित किसानों ने बताया कि वे सभी कृषक जिला प्रशासन के इस अभिनव पहल से प्रेरित होकर यहाँ पर लगभग 25 एकड़ भूमि में हम 22 किसानों के द्वारा ग्रीष्म कालीन धान के बदले चना, गन्ना आदि फसल का उत्पादन कर रहे हैं। इस दौरान चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित कृषकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों से गन्ना फसल के उत्पादन में खपत होने वाली पानी की मात्रा एवं फसल के पकने के अवधि के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने लगभग

11 से 12 माह की अवधि में गन्ना फसल के पकने की जानकारी दी। इस दौरान चन्द्रवाल ने किसानों से इस स्थान पर ग्रीष्म कालीन फसल हेतु पानी एवं फसल की बिक्री व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित किसानों ने कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल से उनके जमीन से लगभग 400 मीटर दूरी पर स्थित नहर से उनके खेतों तक सिंचाई हेतु पानी की आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों से सिंचाई पंप की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेते हुए सौर सुजला योजना अंतर्गत सोलर पंप हेतु आवेदन प्रस्तुत करने को कहा।

इस दौरान चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच हीराबाई साहू से खेती-किसानी एवं गांव में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से गांव के विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर चन्द्रवाल ग्राम मिर्रीटोला पुरूर के पुराना तालाब का भी अवलोकन किया। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को इस पुराने तालाब को अमृत सरोवर योजना में शामिल कर सुव्यवस्थित, सुंदर एवं बेहतर तरीके से विकसित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम हितेकसा में चेकडेम निर्माण हेतु प्रस्तावित हेतु नक्शा का भी अवलोकन किया।

सांसद ने 211 दिव्यांगों एवं वरिष्ठ लोगों को वितरित की सहायक सामग्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 6 मार्च। जांजगीर- चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों हेतु सामग्री वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने 211 दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को सहायक सामग्री तथा 2 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान किये।कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को एडीप योजनान्तर्गत 98 एवं 62 वयोश्री योजनान्तर्गत सहायक सामग्री का वितरण किया गया। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा 51 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राइसिकल, सामान्य ट्राइसिकल, बैसाखी, श्रवण यंत्र व्हील चेयर, छड़ी वाकर, वयोश्री किट (कमर बेल्ट कम्बोर्ड) अन्य सहायक उपकरण वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद जांगड़े ने कहा कि हमारी सरकार दिव्यांगजन

एवं वरिष्ठजनों की हर संभव मदद कर रही है। सहायक सामग्री एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए हर जिले में शिविर लगाये जा रहे हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तहत दिव्यांगों एवं वरिष्ठजनों को लाभ दिलाया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम सहित सभी विकासखण्डों के करारोपण अधिकारी, समाज शिक्षा संगठक, सचिवगण एवं विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Phone & Fax No. 9406470178, E-Mail address-ddusdant.cg@nic.in

क्रमांक/3774/डी.एम.एफ./निविदा/2024-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक :- 04/03/2025

// Short Term Re-TENDER NOTICE//

क्षीर सागर दुग्ध संग्रहण केन्द्र हेतु निविदा निर्माता फर्मों अथवा उनके अधिकृत संस्था से मोहरबंद निविदा आमांत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र की प्राप्ति के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करें निविदा के लिए 750.00 (अक्षरी सात सौ पच्चास रू मात्र) नगद या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतान कर 06 जनवरी 2025 से कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। डाक से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु डाक व्यय रूपये 200.00 (अक्षरी दो सौ मात्र) की अतिरिक्त भुगतान करना होगा। निविदा प्रपत्र क्रय की देय राशि वापसी योग्य नहीं होगी।

निविदा का विवरण:- 1- Instant Chilling System(IBT), 2- Milk Pasteuriser Servicing, 3-Milk Homogeniser Servicing, 4- Cold Room Servicing, 5- Packing Machine Servicing, 6- Boiler Servicing, 7- Holding in Tube for Curd 6 min., 8- Water Chiller, 9- Skid Mounted Paneer Plant Cap 300 LPH, 10- Inter Connecting S.S. Pipe Line, 11- Inter Connecting MS Pipe Line

क्र.	निविदा का प्रकार	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा खोलने की तिथि एवं समय
1	Variuos Equipments- As SN- 1 To SN- 11	दिनांक 12.03.2025 सायं 5:30 बजे तक	दिनांक 14.03.2025 अपरान्ह 5:00 बजे	दिनांक 17.03.2025 अपरान्ह 4:00 बजे

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने, जमा करने, खुलने का स्थान-
कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला- द.ब. दन्तेवाड़ा (छ0ग0)

निविदा से संबंधित समस्त जानकारी हेतु जिले के वेबसाईड dantewada.nic.in का अवलोकन कर सकते है एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड की जा सकती है।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

जी-242505751/4

कार्यालय नगरपालिका परिषद सरायपाली, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)

Email ID- cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./1275/न.पा.प./लो.नि.वि./2024-25 सरायपाली, दिनांक 03/03/2025

// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांतर्गत अध्यक्ष/पार्षद/ऐल्डरमेन/मरम्मत संधारण/निकाय निधि से एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा प्रपत्र 'अ' अंतर्गत प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD BUILDING/ROAD/Electrical SOR w.e.f. on 01.01.2015 & 01.06.2020 से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 10.03.2025 समय 04:00 बजे अपरान्ह तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 12.03.2005 समय 04:00 बजे अपरान्ह तक।
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 24.03.2005 समय 03:00 बजे अपरान्ह तक।
4. प्रस्तुत निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 24.03.2005 समय 04:00 बजे अपरान्ह से।

क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समय सीमा	सक्षम श्रेणी
1.	वार्ड क्र. 01 से 03 तक मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक निविदा।	15.00	15000.00	750/-	01 वर्ष	'द' एवं उच्चतर श्रेणी
2.	वार्ड क्र. 04 से 07 तक मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक निविदा।	15.00	15000.00	750/-		
3.	वार्ड क्र. 08 से 11 तक मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक निविदा।	15.00	15000.00	750/-		
4.	वार्ड क्र. 12 से 15 तक मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक निविदा।	15.00	15000.00	750/-		
5.	नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 01 से 05 तक अध्यक्ष/पार्षद/एल्डरमेन निधि से विभिन्न निर्माण कार्य।	18.00	18000.00	750/-		
6.	नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 06 से 10 तक अध्यक्ष/पार्षद/एल्डरमेन निधि से विभिन्न निर्माण कार्य।	18.00	18000.00	750/-		
7.	नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 11 से 15 तक अध्यक्ष/पार्षद/एल्डरमेन निधि से विभिन्न निर्माण कार्य।	18.00	18000.00	750/-		
8.	विभिन्न वार्डों में आवश्यकता अनुसार बोर खनन कार्य।	18.00	18000.00	750/-		

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://uad.cg.gov.in/ से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

टीप- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सरायपाली

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

ई मेल पता- ee-res. Dantewada@nic.in

//मैनुअल पद्धति निविदा सूचना द्वितीय बार//
-: निविदा क्रमांक-14 :-

क्रमांक/220/लेखा/ग्रा.यां.सेवा/2025, दन्तेवाड़ा दिनांक- 3/3/2025

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैनुअल निविदा प्राप्ति दिनांक 18/03/2025 तक संध्या 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

स.क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	2	3
1	प्राथमिक शाला डोंगरीपारा तेलम में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	14.54 लाख
2	प्राथमिक शाला गोलापारा मोखपाल एवं कोटवारपारा छोटेगुडरा में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	29.08 लाख
3	प्राथमिक शाला मिचगोंदीपारा गुड़से एवं ईत्तापारा गुड़से में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	29.08 लाख
4	प्राथमिक शाला कोरीपारा गुड़से एवं जंगलपारा चिकपाल में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	29.08 लाख
5	प्राथमिक शाला जंगलपारा परचेली एवं स्कूलपारा बड़ेगादम में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	29.08 लाख
6	प्राथमिक शाला पटेलपारा बड़ेगादम एवं लिम्बुडीहपारा प्रतापगिरी बड़ेगादम में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	29.08 लाख
7	उप स्वास्थ्य केन्द्र बुरगुम का निर्माण कार्य (Septik Tank, Rain Water Harvesting, Water Supply & Sanitation and With Tube Well-Bore work And Electrification सहित)	35.12 लाख
8	उच्च प्राथमिक शाला बड़ेगुडरा माहराकरका (SSA) में नवीन उच्च प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण सहित)	20.27 लाख

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in में दिनांक 07/03/2025 से 13/03/2025 तक निशुल्क डाऊनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

जी-242505727/3

एक नजर

सीएम साय की मां चेकअप के लिए पहुंची मेकाहारा

रायपुर, 6 मार्च। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मां जसमनी देवी साय रुटीन चेकअप के

लिए मेकाहारा पहुंची है. अस्पताल के मेडिसिन वार्ड में उनका चेकअप होगा. जसमीन देवी के साथ मुख्यमंत्री साय के भाई भी मेकाहारा पहुंचे हैं.

दीदी मां मंदाकिनी की श्रीराम कथा 7 से

रायपुर, 6 मार्च। श्रीरामकिंकर आध्यात्मिक मिशन की ओर से सिंधु भवन शंकरनगर

(बीटीआई मैदान के सामने) में आयोजित त्रिदिवसीय श्रीराम कथा के लिए दीदी मां मंदाकिनी रायपुर पहुंच चुकी हैं। प्रतिवर्ष की परम्परा के अनुसार श्रीराम कथा की यह अनुष्ठान यात्रा इस वर्ष 7 से 9 मार्च तक हो रही है। इस व्यस्त भौतिक जीवन में भौतिकता के आकर्षण में रहते हुए अपने पुरुषार्थ को सही दिशा देकर स्वार्थ और परमार्थ दोनों की उपलब्धि कैसे हो, कथा रसपान करने से अलौलिक ज्ञान की प्राप्ति होगी। इस बार कथा का प्रसंग %पुष्प वाटिका% है। श्रीराम कथा के प्रातःकालीन सत्र में सुबह 9 बजे से दैनिक प्रार्थना भजन,संगीतमय स्मपुटित सुंदरकांड का पाठ, अभिषेक व आरती तथा संध्या के सत्र में शाम 5.30 से 6.30 भक्ति संगीत व शाम 6.30 से 8.30 बजे तक श्रीराम कथा होगी।

भूमिपूजन 8 को

रायपुर, 6 मार्च। भाजपा नेता राजकुमार राठी के माताजी-पिताजी की स्मृति में लाभांडीह स्थित रोमांस्क्यू विला के समीप सामाजिक भवन का निर्माण किया जाएगा। उक्त प्रस्तावित श्री लक्ष्मीगंगा भवन का भूमिपूजन 8 मार्च शनिवार को सुबह 11:30 बजे रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

रायपुर, 6 मार्च। जय व्यापार पैनल से श्री जितेन्द्र दोशी , श्री विक्रम सिंहदेव एवं श्री परमानन्द जैन ने बताया कि कांकेर चेंबर ऑफ

कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के ऐतिहासिक विजय के पश्चात चेंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह में छत्तीसगढ़ चेंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी जी,विशिष्ट अतिथियों में प्रमुख रूप से कांकेर लोकसभा के लोकप्रिय सांसद माननीय भोजराज नाग जी, प्रदेश चेंबर के कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा जी, कांकेर नगर पालिका के अध्यक्ष अरुण कौशिक जी,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश जैन जी,भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष राजा देवनानी जी, दैनिक भास्कर के कांकेर जिला के ब्यूरो चीफ राजेश शर्मा जी, प्रदेश चेंबर के कार्यकारी अध्यक्ष द्वय विक्रम सिंह जी ,राम मंधान जी एवं प्रदेश मंत्री शंकर बजाज जी, राजेंद्र खटवानी जी के आतिथ्य में भव्य एवं गरिमामय रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांकेर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुप शर्मा ने किया।

अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

रायपुर, 06 मार्च। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 की प्रशासनिक तैयारियां प्रतिदिन तेज गति से जारी है। जोन कमिश्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा वार्डो की सफाई व्यवस्था का प्रतिदिन नियमित निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने सतत मॉनिटरिंग की जा रही है एवं स्वच्छता में कमी मिलने पर जुर्माना की कार्यवाही की जा रही है।
इस क्रम में आज नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर ए.के. हालदार ने जोन 8 स्वास्थ्य विभाग की ओर से जोन 08 के तहत वीर सावरकर नगर वार्ड में अनुबंधित सफाई ठेकेदार अनिल गिलारे पर 10,000 रू, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड के ठेकेदार रजत इंटरप्राईजेस पर 10,000 रू., रामकृष्ण परमहंस वार्ड के ठेकेदार दानेश्वर सेन्द्रे पर 10,000 रू., शहीद भगत सिंह वार्ड के ठेकेदार ओमप्रकाश झा पर 10,000 रू., माघवराव सप्रे वार्ड के ठेकेदार कार्तिकेष्वर कुमार साहू पर 5000 रू. एवं संत रविदास वार्ड के ठेकेदार युनिवर्सल आटो इलेक्ट्रीकल्स एण्ड रिपेयरिंग वर्क पर 5000 इस प्रकार कुल 6 वार्डो के अनुबंधित सफाई ठेकेदारों पर स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान प्लेसमेंट सफाई कामगारों की उपस्थिति निर्धारित से कम मिलने पर कुल 50000 रू. का जुर्माना संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी कर किया है।

किसानों को नहीं मिला 2023-24 का गन्ना का पेमेंट, जांच के निर्देश

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 6 मार्च। विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन पंडरिया विधानसभा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाने की माली हालत पर विधायक भावना बोहरा ने ध्यानाकर्षण में सवाल उठाया. विधायक ने बताया कि किसानों को 2023-24 का गन्ने का पेमेंट नहीं मिला है. न समर्थन मूल्य का भुगतान हो रही, और न ही बोनस का. इस पर स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने समयबद्ध पेमेंट के साथ सारे बिंदुओं पर जांच के निर्देश दिए. भाजपा विधायक भावना बोहरा ने ध्यानाकर्षण में सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में शक्कर कारखाने की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़े हैं. 8 हजार किसान गन्ना बेचते हैं. हर किसान के परिवार मे 5-6 लोग हैं. किसानों को अब तक 2023-24 का गन्ना का पेमेंट नहीं मिला है. न समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा और न ही बोनस का. विधायक ने बताया कि

शुगर फैक्टरी पर 81 करोड़ का लोन था, जिसके एवज में ब्याज समेत 121 करोड़ पटाया जा चुका है. उन्होंने मांग की कि ब्याज की दर को घटाया जाए, साथ ही गन्ना पेराई की दर 350 रुपए दी जा रही है, जबकि प्राइवेट कंपनी 450 रुपए दिया जा रहा है. उन्होंने मांग की कि शक्कर कारखाना को सहकारिता विभाग से कम दर पर अतिरिक्त ऋण दिया जाए, ताकि उसका आर्थिक संकट दूर हो सके.

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार इस पर गंभीर है. आर्थिक संकट दूर करने विशेषज्ञों का सलाह लेकर कार्रवाई की जाएगी. विधायक ने कहा कि कुप्रबंधन का भार किसानों पर पड़ रहा है. बीजेपी विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, नेता वहां जाकर अपने लोगों को काम देने का दबाव डालते हैं. एक हाईपावर कमेटी भेजकर उसकी समीक्षा कर शक्कर कारखाने के बेहतरी के लिए काम करें.

मंत्री ने कहा कि जल्द ही किसानों की भुगतान की व्यवस्था करेंगे, साथ ही कमेटी बनाकर व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे. विधायक अजय चंद्राकर ने समय अवधि निर्धारण करने की मांग की. विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, हाई पावर कमेटी भेजकर तत्काल व्यवस्था कीजिए. मंत्री ने कहा, जल्द से जल्द कार्यवाही करेंगे.

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि अध्यक्ष महोदय आपके क्षेत्र में आपके सपनों को साकार करने बना है. एशिया के सबसे बेस्ट कारखाने में से एक है. सहकारिता एक बेहतर दुनिया की निर्माण कर सकती है. इस कारखाने को कुप्रबंधन से बचाते हुए इसे नहीं बेचने का आश्वासन दीजिए. मंत्री ने कहा कि 2006 में यह कारखाना बना था. कुछ कुप्रबंधन की वजह से यह स्थिति बनी है. इसे बेहतर करने का काम करेंगे. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समयबद्ध पेमेंट कराने का निर्देश देते हुए कहा कि साथ ही सारे बिंदु पर जांच हो जाए.

ब्रेन स्ट्रोक के मरीज को कालातीत इंजेक्शन लगाने का आरोप, हंगामा

रायपुर, 6 मार्च। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डीकेएस अस्पताल में एक गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहां के न्यूरोलॉजी विभाग में ब्रेन स्ट्रोक के एक मरीज को एक्सपायरी इंजेक्शन लगाया गया।

घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने हंगामा किया और मीडिया को सूचना दी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार 58 वर्षीय मानबाई साहू के बीते दिनों ब्रेन स्ट्रोक आया था। उनका उपचार डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल में चल रहा था। अंबेडकर अस्पताल में इंजेक्शन की कमी के कारण उन्हें इलाज के लिए डीकेएस अस्पताल रेफर किया गया। डीकेएस अस्पताल में रविवार 2 मार्च को डॉक्टरर्स और नर्स ने मानबाई साहू का सीटी स्कैन और एमआरआई जांच कराया। जांच कराने के बाद डॉक्टरों ने मस्तिष्क में ब्लड क्लॉट (रक्त के थक्के) को तोड़ने के लिए इंजेक्शन दिया।

परिजनों ने जब इंजेक्शन का कवर देखा, तो उसमें इंजेक्शन जनवरी में एक्सपायर होने की डेट लिखी थी। परिजनों ने नर्स से पूछा, तो नर्स ने दवा कुछ दिन पहले ही एक्सपायर होने की बात बोलकर टाल दिया और मरीज के स्वस्थ्य होने का आश्वसन दिया। मेडिकल स्टॉफ की समझाइश पर परिजन शांत हो गए, लेकिन बीते दो दिनों से मान बाई के बाएं हाथ और पैर की मांसपेशियां काम करना बंद हो गईं, और वह बिस्तर पर पड़ी हुई हैं। मान बाई के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन, डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पूरे मामले में विवाद बढ़ता देखकर अस्पताल प्रबंधन ने मीडिया से दूरी बना ली है।

अध्यक्ष बनने पर बधाई...

भाजपा के डा दौलत राम पाल जनपद पंचायत सिमगा के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा एवं अन्य भाजपा वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

नई औद्योगिक नीति से निवेशकों का बढ़ा रुझानः सीएम साय

रायपुर, 6 मार्च। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बनाई गई नई औद्योगिक नीति से निवेशकों का उत्साह चरम पर है. राज्य सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है. अब तक प्रदेश को 1,23,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं. यह आंकड़ा राज्य में तेजी से बढ़ते औद्योगिक विकास और आर्थिक सुधारों की ओर इशारा करता है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने ÷नवाचार, निवेश और उद्योगों के विकास÷ को प्राथमिकता देते हुए

नई औद्योगिक नीति (2024-2029) लागू की है. इस नीति के तहत बड़े, मध्यम और लघु उद्योगों को विभिन्न सुविधाएं और रियायतें दी जा रही हैं, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है.

निवेश प्रस्तावों में रिकॉर्ड वृद्धि- छत्तीसगढ़ सरकार के उद्योग विभाग के अनुसार, पिछले छह महीनों में राज्य को 1.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं. इन प्रस्तावों में मुख्य रूप से इस्पात, ऑटोमोबाइल, फार्मा, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), ऊर्जा, एग्री-प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश शामिल हैं. वर्तमान में, सरकार ने 40,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी भी दे दी है और कई निवेशकों के साथ बातचीत अंतिम चरण में है. इन निवेशों के कारण राज्य में लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है.

घर-घर विराजेंगे भगवान झूलेलाल

रायपुर, 06 मार्च। पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा के नेतृत्व में न्यू राजेंद्र नगर स्थित पंचायत कार्यालय में बैठक रखी गई। पंचायत के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा ने बताया की इस वर्ष 10 दिनो तक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।जिसमें प्रभातफेरी,निःशुल्क मूर्ति वितरण,निःशुल्क स्वास्थ शिविर,निःशुल्क रक्तदान शिविर,आम भंडारे एवं सिंधी आरकेस्ट्रा का आयोजन किया जाएगा। कुकरेजा ने बताया कि भगवान झूलेलाल की मूर्ति की स्थापना

समाजजनो द्वारा घर घर में की जाती है । विधि विधान से पूजा -अर्चना के बाद चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन विसर्जन किया जाता है । यह कार्यक्रम गुरु श्री अनंतपुरी गोस्वामी के सानिध्य से किया जा रहा है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अथितियों को सिंधी टिप्पणा भी वितरण किया जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से डी.प्रेम मूलचंदानी,अशोक केशवानी,जितेंद्र लालवानी,जी.एस गेहानी,अमर चन्दनानी, सुनील बत्रा, प्रेम सोनी,संजय जयसिंघानी,महेश भमभानी,हरिराम रघुवंशी,राकेश माटा,अमित नागदेव, गोपीचंद कुकरेजा,श्यामलाल थारवानी,कुणाल सिहानी,योगेश भाटिया,यश नागवानी,चिराग जयसिंघानी, आदि उपस्थित थे।

होली के दिन बंद रहेंगी शराब दुकानें

■ 14 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया गया

रायपुर, 06 मार्च। छत्तीसगढ़ में होली के दिन 14 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन सभी शराब दुकानें बंद रहेगी। अगर इस दिन कोई व्यक्ति शराब ब्रिकी करते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि गैर-लाइसेंसीकृत जगहों पर शराब की बिक्री या परोसने पर भी सख्त रोक रहेगी।

इस निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें मदिरा का जब्तीकरण और दोषियों पर आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे। शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी जिले में आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री पर नजर रखने के लिए जिला कार्यालयों एवं संभागीय एवं राज्य स्तरीय उड़दस्ता भी गठित किए जाएंगे, जो जिले में स्थित शराब के अवैध संकलन स्थलों की जांच करेंगे। आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र में ''होली'' (जिस दिन रंग खेला जाये) पर्व के अवसर पर 14 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान संचालित समस्त देशी मदिरा दुकानें , विदेशी मदिरा दुकानें, संलग्न अहाता, एफएल. 8 तथा मद्य भण्डागार पूर्णतः बंद रहेगा। इस दिन मदिरा का विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा।

महिला सद्भावना सम्मान समारोह 8 को

रायपुर, 06 मार्च। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शनिवार, दिनांक 08 मार्च 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस वृंदावन हॉल, सिविल लाईन्स, रायपुर में शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक मनाया जायेगा। जिसमें 108 महिलाओं एवं विभिन्न सेवाभावी सामाजिक संस्थाओं को सुयश सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य यह है कि प्रतिभावान महिलाओं को प्रोत्साहन मिले, ताकि वे भविष्य में और भी सराहनीय व प्रशंसनीय कार्य करें। इस समारोह का यह 12वाँ वर्ष है। उक्त कार्यक्रम के आयोजक डॉ. मनोज लाहोटी (सुयश हॉस्पिटल) जी हैं। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सविता जग्गी, श्री रविन्द्र सिंह, श्री नंदकुमार वर्मा, श्री धर्मेन्द्र दुर्घा, श्री हीरानंद दुल्हानी, श्री राजेश बरलोटा एवं श्री राजेन्द्र सेठिया उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक सम्मानित महिलाओं को पगड़ी, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, रजत प्रतिमा, शाल, श्रीफल,

माला, बैच, बैग, कीट इत्यादि से सम्मानित किया जावेगा। साथ ही आडियो, वीडियो क्लीपिंग कराई जावेगी। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा, कु. रिया तिवारी, श्रीमती सीमा कटंकार, श्रीमती शुभांगी आप्टे, श्रीमती गौरी अवधिया, श्रीमती अरूणा यादव, गौरव दुबे, जे.एस. ठाकुर, देवेन्द्र सोनी, शिफा सोनम, श्रीमती अनिता अग्रवाल, महेश अशपालिया, चेतन चंदेल, शैलेष अवधिया, आलोक शर्मा, सिद्धार्थ बगरिया, श्रीमती सुषमा ध्रुव, श्रीमती शीला प्रजापति, श्रीमती सुषमा तिवारी इत्यादि हैं।

बीजेपी विधायक ने उठाया गौण खनिज घोटाले का मुद्दा

■ डिप्टी सीएम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

रायपुर, 06 मार्च। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन विधायक राघवेंद्र कुमार ने गौण खनिज से प्राप्त राशि में अनियमितता को लेकर हुई जांच पर सवाल उठाए। इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर छह अधिकारियों को निलंबित किया गया है। विधायक राघवेंद्र कुमार ने पूछा कि जितनी कार्य निविदाएं आमंत्रित की गईं, क्या उनपर किसी प्रकार की अनुमति या अनुमोदन लिया गया था? उन्होंने यह भी पूछा कि अगर जांच हुई है तो रिपोर्ट में क्या आया? उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि कुल 2 करोड़ 13 लाख 44 हजार रुपये प्राप्त हुए थे, जिनमें से 21 कार्य जल प्रदाय से संबंधित थे। जांच में पाया गया कि भंडार नियम का उल्लंघन हुआ था। इस मामले में छह अधिकारियों को निलंबित किया गया है और मुख्य अभियंता के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई है, जिनकी जांच रिपोर्ट जल्द ही आएगी। विधायक ने यह भी सवाल किया कि क्या यह सही है कि एक ही फर्म को 75 लाख का भुगतान किया गया है और क्या इस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी?

कांग्रेस सरकार में रहा वित्तीय कुप्रबंधनः अजय चंद्राकर

रायपुर, 06 मार्च। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 4 साल तक वित्तीय कुप्रबंधन रहा. राजस्व प्राप्ति का अनुमान गलत निकला. हजारों करोड़ कम मिले. चारों साल वित्तीय घाटा 3 प्रतिशत से ऊपर रहा. साय सरकार में सब कुछ बदल गया. अनुमान से ज्यादा राजस्व प्राप्त हुआ, वित्तीय घाटा 3 प्रतिशत से कम रहा, इनाम में केंद्र से पुरस्कार राशि मिली. हमारे वित्त मंत्री ने बताया, के बजट कैसे बनाया जाता है. अटल बिहारी वाजपेई का जन्म सदी वर्ष है, काव्यात्मक बजट प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धांजलि दी.उन्होंने कहा कि अगर किसी एक खानदान की तारीफ कर देते, आप कूदकर दिल्ली बताने चले जाते. कोयला परिवहन सिस्टम को आपने ऑनलाइन से ऑफलाइन आपने क्यों किया. हमने ऑनलाइन किया राजस्व बढ़ोत्तरी हुई. आपसे बार-बार पूछा कि कोयला ऑफलाइन में कितना राजस्व बढ़ा, जवाब नहीं दे सके. कोयला दलाली का ऐसा खेल हुआ कि आज बैरक में जगह नहीं. कांग्रेस को गरीबों से इतनी नफरत क्यों, 18 लाख गरीब को मकान नहीं दिया. इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मोर्चा खोलते हुए कहा कि पहली बार हुआ है कि हस्तलिखित बजट वित्त मंत्री ने पेश किया है. वित्त

सचिवालय का काम अब खुद वित्त मंत्री लिख रहे हैं. अपने ही विभाग के लोगों पर विश्वास नहीं रहा. यह दस्तावेज है. यह हमेशा रहेगा. कम से कम भाषा का ख्याल रखना चाहिए था. भाषा का मजाक बना दिया है. शुरुआत में ही असत्य कथन कह दिया गया कि 76 फ्लाइट रायपुर एयरपोर्ट से चल रही है. मैंने पता किया एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि 26 फ्लाइट चल रही है.पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री ने कहा कि निकाय चुनाव में हमने रिकॉर्ड तोड़ दिया. दस की दस नगर निगमों में जीत दर्ज की. हमारी सरकार थी तब हमने भी दस की दस सीटें जीती थी. आवास योजना का इतना जिक्र किया गया, लेकिन सिर्फ 13 हज़ार मकान ही पूरे हो पाए. बजट प्रदेश के विकास का दर्पण होता है. पहले ज्ञान की बात कही. अब गति की बात कह रहे हैं लेकिन गति की दिशा तय ना हो तो दुर्घटना तय है. उन्होंने कहा कि बजट पाँच हज़ार करोड़ से 75 हज़ार करोड़ तक पहुँच गया था. किसानों के आत्महत्या कम नहीं हुए थे. बस्तर में स्कूल बंद हो रहे थे. विकास सिर्फ कंक्रीट का ढाँचा खड़े करना नहीं होता है. विकास के लिए मानवीय मूल्यों का विकास ज़्यादा जरूरी है. हमने तय किया कि किसानों को मजबूत करेंगे. हमने धान ख़रीदी की नीति बनाई. केंद्र का अड़ंगा लगा कि समर्थन मूल्य से ऊपर धान ख़रीदी करने वाले राज्य को फ़ायदा नहीं देंगे. आज यदि किसानों को 3100 रुपए मिल रहा है तो ये पिछली सरकार के संघर्षों का परिणाम है. हमने सिर्फ़धान के किसानों को राहत नहीं दी बल्कि कोदो कुटकी मक्का बोने वाले किसानों को भी राहत दी है.भूपेश बघेल ने कहा कि मध्य प्रदेश के समय से काजू प्रोसेसिंग प्लांट बंद पड़ा था.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26